● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 139, पृष्ठ : 08, सीधी, गुरूवार, 26 जून 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



चंडीगढ़ महापौर चुनाव में नहीं होगा गुप्त मतदान 5

भारत अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंचा 6

## बुजुर्गों की सेवा, सम्मान और सुरक्षा हमारी संस्कृति का हिस्सा : डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 18 करोड़ से निर्मित सर्वसुविधायुक्त स्नेहधाम का किया लोकार्पण

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में स्नेहधाम भवन के लोकार्पण अवसर पर कहा कि यह प्रकल्प केवल सामाजिक सुरक्षा नहीं बल्कि सुरक्षित आवास सुविधा भी सुनिश्चित करता है। यह अपने आप में एक बड़ा और संवेदनशील कदम है, जो वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान और उत्तरदायित्व की भावना को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों की सेवा, सम्मान और सुरक्षा हमारी संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा, सम्मानजनक जीवन और सुरक्षित आवास सुविधा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इंदौर में 18 करोड़ रुपये की लागत से स्नेह धाम भवन इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा बनाया गया है। प्रदेश में अपने तरह की इस पहली अभिनव पहल का लोकार्पण बुधवार को मुख्यमंत्री




डॉ. मोहन यादव ने किया। स्नेहधाम भवन में बुजुर्गों के लिए भोजन, चिकित्सा, मनोरंजन, स्वाध्याय, ध्यान और परामर्श जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे वे सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकें। यहां बुजुर्गों की सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोकार्पण अवसर पर इंदौर को 565 करोड़ रुपये से अधिक के लागत के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने इस मौके पर लगभग 90 करोड़ रुपये लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण किया और 476 करोड़ रुपये से अधिक लागत के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी, विधायक श्री मधु वर्मा, श्री मनोज पटेल तथा श्री गोलू शुक्ला, अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के अध्यक्ष श्री सावन सोनकर, इंदौर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष और संभागायुक्त श्री दीपक सिंह भी विशेष रूप से मौजूद थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समय के साथ सामाजिक ढांचा बदला है - कई बुजुर्ग दंपत्ति आज अकेले हैं, किसी के बच्चे विदेश में हैं तो कोई नौकरी के कारण दूर शहरों में रहते हैं ऐसे में वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुरक्षित, आत्मसम्मानजनक और सुसज्जित आवास की आवश्यकता को स्नेहधाम जैसी पहलें पूरा करेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर सिर्फ स्वच्छता में ही नहीं, बल्कि सामाजिक नवाचारों और जनकल्याण की दिशा में भी लगातार अग्रणी भूमिका निभा रहा है और आगे भी निभाता रहेगा।

वरिष्ठ नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा, सम्मान और सुरक्षित आवास सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से इंदौर विकास प्राधिकरण ने एक अभिनव पहल की है। योजना क्रमांक 134 के अंतर्गत लगभग 20 हजार वर्गफीट के भूखंड पर स्नेहधाम सीनियर सिटीजन कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया गया है। यह भवन प्रदेश में अपने तरह का पहला है, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा के साथ सर्व सुविधायुक्त आवास की व्यवस्था की गई है।

इस 6 मंजिला भवन में कुल 32 फ्लैट बनाए गए हैं। जिसमें 2 बीएसके के 22 फ्लैट तथा 1 बीएसके के 10 फ्लैट शामिल हैं। लगभग 18 करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस भवन में वरिष्ठ नागरिकों के अनुकूल सभी आधुनिक सुविधाएं दी गई हैं।

## आपातकाल के खिलाफ लड़ने वालों को सलाम : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** देश में 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर पीएम नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने आपातकाल के दिनों को याद करते हुए कहा कि आज भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक आपातकाल लागू होने के पचास साल पूरे हो गए हैं। यह वो वक्त था जब तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने लोकतंत्र को बंधक बना लिया था।

पीएम मोदी ने कहा कि कोई भी भारतीय कभी नहीं भूल सकता कि किस तरह हमारे संविधान की भावना का उल्लंघन किया गया। संसद की आवाज दबाई गई और अदालतों को नियंत्रित करने का प्रयास किया गया। 42वां संशोधन उनकी हरकतों का एक प्रमुख उदाहरण है। गरीबों, हाशिए पर पड़े लोगों और दलितों को खास तौर पर निशाना बनाया गया, जिसमें उनकी गरिमा का अपमान भी शामिल है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हम



आपातकाल के खिलाफ लड़ाई में डटे रहने वाले हर व्यक्ति को सलाम करते हैं। ये लोग पूरे भारत से, हर क्षेत्र से, अलग-अलग विचारधाराओं से आए थे जिन्होंने एक ही उद्देश्य से एक-दूसरे के साथ मिलकर काम किया। उनका लक्ष्य था भारत के लोकतांत्रिक ढांचे की रक्षा करना और उन आदर्शों को बनाए रखना जिनके लिए हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना जीवन समर्पित कर दिया। यह उनका सामूहिक संघर्ष ही था जिसने यह सुनिश्चित किया कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार को लोकतंत्र बहाल करना पड़ा और नए चुनाव कराने पड़े। जिसमें वे बुरी तरह हार गए।

पीएम ने लिखा कि हम अपने संविधान में निहित सिद्धांतों को मजबूत करने तथा विकसित भारत के अपने सपने को साकार करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। हम प्रगति की नई ऊंचाइयों को छुएं तथा गरीबों और वंचितों के सपनों को पूरा करेंगे।

आपातकाल के दिनों को याद करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जब जब आपातकाल लगाया गया था, तब मैं आरएसएस का युवा प्रचारक था। आपातकाल विरोधी आंदोलन मेरे लिए सीखने का एक अनुभव था। इसने हमारे लोकतांत्रिक ढांचे को बचाए रखने की अहमियत को फिर से पुष्ट किया। साथ ही मुझे राजनीतिक स्पेक्ट्रम के सभी लोगों से बहुत कुछ सीखने को मिला। मुझे खुशी है कि ब्लूक्राफ्ट डिजिटल फाउंडेशन ने उन अनुभवों में से कुछ को एक किताब के रूप में संकलित किया है। जिसकी प्रस्तावना एचडी देवेगौड़ा जी ने लिखी है, जो खुद आपातकाल विरोधी आंदोलन के एक दिग्गज थे।

## अपनी असफलता छिपाने के लिए भाजपा आपातकाल पर ड्रामा कर रही : खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को आरोप लगाया कि देश में अघोषित आपातकाल लागू है। उन्होंने भाजपा सरकार पर अपनी प्रशासनिक विफलता को छिपाने के लिए संविधान हत्या दिवस का नाटक करने का आरोप लगाया। आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कटाक्ष पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि जिस सरकार में सहनशीलता नहीं है और जो भाईचारे और आजादी को पनपने नहीं देती, उसे दूसरों को उपदेश देने का कोई अधिकार नहीं है। कांग्रेस के इंदिरा भवन में एक आयोजित एक



संवाददाता सम्मेलन में खरगे ने भाजपा-आरएसएस की आलोचना की और कहा कि जिन लोगों ने देश की आजादी, संविधान निर्माण में कोई भूमिका नहीं निभाई और बाबासाहेब आंबेडकर के संविधान को खारिज कर दिया, वे आपातकाल लागू होने के 50 साल बाद आपातकाल का मुद्दा उठा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की आलोचना करते हुए खरगे ने कहा कि उनके और उनके शासन के कारण संविधान खतरे में है। कांग्रेस प्रमुख ने यह भी आरोप लगाया कि मोदी सरकार में अभिव्यक्ति की कोई आजादी नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि, जो लोग (भाजपा-आरएसएस) संविधान बचाओ की बात कर रहे हैं, वे अब 50 साल बाद आपातकाल का मुद्दा उठा रहे हैं। यह ऐसी चीज थी जिसे लोग भूल गए थे। कांग्रेस अध्यक्ष के अनुसार, भाजपा कांग्रेस की संविधान बचाओ यात्रा से घबरा गई है और इसलिए 50 साल पहले के आपातकाल के मुद्दे को उठा रही है।

## सीएम योगी बोले- मोदी राज में किसानों में आई खुशहाली

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछली सरकारों की अकर्मण्यता के कारण कृषि के क्षेत्र में जो विकास हो सकता था वो नहीं हो पाया। इससे हमारे किसान लाभ से वंचित रह गए। योजनाएं आपस में धन के बंदरबांट के लिए बनती थीं और हमारे किसानों को कोई लाभ नहीं मिल पाता था। 2014 में केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने के बाद देश में समग्र विकास की जो अवधारणा विकसित हुई है। उससे देश का हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है।

## आपातकाल भारत के लोकतंत्र पर सबसे बड़ा हमला : देवगौड़ा

**नई दिल्ली।** देश में लगे आपातकाल को लेकर एक बार फिर चर्चा तेज हो गई है। द इमरजेंसी डायरीज किताब के विमोचन से पहले पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोनों ने उस दौर की घटनाओं और लोकतंत्र की अहमियत को याद किया। देवगौड़ा ने आपातकाल को भारत के लोकतांत्रिक अस्तित्व पर सबसे गंभीर हमला करार दिया।

पूर्व प्रधानमंत्री देवगौड़ा ने इस किताब की भूमिका लिखते हुए कहा कि भारत के गणराज्य के शुरुआती वर्षों को लोकतंत्र को बचाने की जद्दोजहद के रूप में देखा जाता है। उन्होंने कहा कि 1975 में



लगाए गए आपातकाल ने भारत के लोकतंत्र को सबसे बड़ा खतरा दिया था। ऐसे में ज़रूरी है कि देश का युवा उस समय की सच्चाई से अवगत हो और समझे कि लोकतंत्र और संविधान को बचाना कितना महत्वपूर्ण है।देवगौड़ा ने ब्लूक्राफ्ट डिजिटल फाउंडेशन की तारीफ करते हुए कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस दौर में निभाई गई भूमिका को सामने लाने का सराहनीय प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि खुद भी बतौर विपक्ष के नेता कर्नाटक में उन्होंने आपातकाल का विरोध किया था और जेल गए थे। लेकिन इस गिरफ्तारी ने उनका हौसला नहीं तोड़ा, बल्कि अलग-अलग विचारों और उम्र के नेताओं से जुड़ने और सीखने का अवसर दिया। देवगौड़ा ने कहा कि उस दौर में लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई स्वतःस्फूर्त तरीके से खड़ी हुई। अगर वह आंदोलन न होता, तो आज का भारत शायद किसी और ही रूप में होता। उन्होंने बताया कि मोदी जैसे युवा, जो उस वक्त आरएसएस के प्रचारक थे, उन्होंने जमीनी स्तर पर कम्युनिकेशन और प्रतिरोध का सशक्त नेटवर्क तैयार किया।

## अचानक बिगड़ी उपराष्ट्रपति की तबीयत

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय का कार्यक्रम खत्म होने के बाद उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की अचानक तबीयत खराब हो गई। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज बुधवार को तीन दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर हल्द्वानी पहुंचे। हल्द्वानी आर्मी हैलीपेड पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री की ओर से कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या, सांसद अजय भट्ट, हल्द्वानी मेयर गजराज बिष्ट, वन एवं पर्यावरण सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष दीपक महरा, आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत, आईजी रिद्धिम अग्रवाल, जिलाधिकारी वंदना, एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा सहित अन्य अधिकारियों ने उपराष्ट्रपति का अभिनंदन किया था।

## दिल्ली व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने आज व्यापारियों के लिए बड़ी घोषणा की है। दिल्ली के व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए दिल्ली



व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन किया जाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। इसके लिए सरकार ने 10 करोड़ रुपये का फंड भी आवंटित किया है। 15 सदस्यीय समिति इस बोर्ड में शामिल होगी।

सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली सरकार ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड का गठन करने जा रही है। इस प्रस्ताव को कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है। यह बोर्ड दिल्ली के व्यापारियों के कल्याण के लिए बनाया जा रहा है। ये बोर्ड दिल्ली के व्यापारियों की हर तरह से चिंता करेगा। इस बोर्ड के माध्यम से व्यापारियों को हर सम्भव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि व्यापारी देश के विकास में बढ़ावा देते हैं। ऐसे में सरकार और समाज की जिम्मेदारी है कि वे इस वर्ग को आवश्यक सम्मान और सुविधाएं दें।

## आगरा में बनेगा अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र, पुणे मेट्रो फेज-2 को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को कैबिनेट बैठक में तीन अहम फैसलों पर मुहर लगाई। आपातकाल की 50वीं बरसी के मौके पर कैबिनेट ने एक प्रस्ताव पास किया। इस प्रस्ताव में 1975 में लगे आपातकाल को 'लोकतंत्र की हत्या' बताया गया और इसकी कड़ी निंदा की गई है। इसके साथ ही आगरा में एक अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र बनाने और पुणे मेट्रो के फेज-2 को मंजूरी दी गई। इसके अलावा केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के अंतरिक्ष मिशन के सफल प्रक्षेपण का स्वागत करते हुए प्रस्ताव पारित किया।



### केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में अहम फैसले

आपातकाल की 50वीं बरसी के मौके पर कैबिनेट में प्रस्ताव पास

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कैबिनेट ब्रीफिंग के दौरान आपातकाल की घोषणा के 50 वर्ष पूर्ण होने पर केंद्रीय मंत्रिमंडल का प्रस्ताव पढ़ा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आपातकाल से लड़ने वाले अनगिनत लोगों के बलिदानों का स्मरण करने का संकल्प लिया। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने संविधान की हत्या के प्रयास को असफल करने वाले इन प्रजातंत्रों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। संविधान पर यह प्रहार 1974 में नवनिर्माण आंदोलन और संपूर्ण क्रांति अभियान को कुचलने के कठोर प्रयास के साथ शुरू हुआ था। आज केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में गणतंत्र के इन सभी वीरों के अद्वितीय साहस और बलिदान के प्रति श्रद्धांजलि के लिए 2 मिनट मौन रखा गया। यह श्रद्धांजलि उन सभी नागरिकों के लिए भी है जिनके संविधान प्रदत्त लोकतांत्रिक अधिकार छीन लिए गए और जिन्हें अकल्पनीय यातनाओं का सामना करना पड़ा। वर्ष 2025 संविधान हत्या दिवस की 50वीं वर्षगांठ है। यह भारतीय इतिहास का एक अविस्मरणीय अध्याय था। आपातकाल में संविधान को कुचलने का प्रयास किया गया, भारत की लोकतांत्रिक भावना पर हमला किया गया, और संघवाद को नष्ट किया गया।

## जमानत के बावजूद नहीं हुई आरोपी की रिहाई

### यूपी सरकार को हर्जाना देने का निर्देश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को उत्तर प्रदेश जेल प्राधिकरण को फटकार लगाई और जमानत के बावजूद आरोपी की रिहाई न होने पर नाराजगी जाहिर की। आरोपी को बीती 29 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया था। आरोपी के खिलाफ धर्मांतरण विरोधी कानून के तहत मामला दर्ज किया गया था। जस्टिस केवी विश्वनाथन और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वे आरोपी को हर्जाने के तौर पर पांच लाख रुपये दें। आरोपी को बीती 24 जून को गाजियाबाद की जेल से रिहा कर दिया गया। उत्तर प्रदेश जेल प्रशासन के निदेशक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई में पेश हुए। पीठ ने नाराज होते हुए पूछा कि आपके अधिकारियों की संवेदनशीलता पर आपका क्या कहना है? पीठ ने कहा कि अधिकारियों को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मिले नागरिक अधिकारों की अहमियत के बारे में संवेदनशील बनाया जाना चाहिए।

## भारत ने अंतरिक्ष की दुनिया में इतिहास रचा

**फ्लोरिडा।** भारत ने अंतरिक्ष की दुनिया में इतिहास रच दिया है। लखनऊ के रहने वाले शुभांशु शुक्ला ने बुधवार को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन की ओर उड़ान भरकर भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम में 41 साल बाद वापसी कराई। वह अमेरिका की प्राइवेट कंपनी एक्सिओम मिशन के तहत अंतरिक्ष में गए हैं। इस मिशन में भारत के अलावा हंगरी और पोलैंड के अंतरिक्ष यात्री भी शामिल हैं।

स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट ने बुधवार दोपहर 12 बजकर 01 मिनट पर फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी। रॉकेट ने जैसे ही अंतरिक्ष में प्रवेश किया, भारत समेत दुनियाभर में इस ऐतिहासिक पल का जश्न शुरू हो गया।

## सोनम के बैग से मिली पिस्टल

**इंदौर।** इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी मर्डर केस में शिलॉन्ग पुलिस को अहम सबूत हाथ लगे हैं। पुलिस ने इंदौर के इंडस्ट्रीज हाउस के पीछे नाले से एक सफेद थैली में रखी पिस्टल बरामद की है, जो सोनम के बैग में थी। इसके साथ ही बिल्डिंग कॉन्ट्रैक्टर शिलोम जेम्स के घर के बाहर खड़ी एक कार से करीब एक लाख रुपए नकद भी जब्त किए गए हैं। यह बरामदगी केस को एक नई दिशा में ले जा सकती है।

शिलॉन्ग पुलिस अब सोनम के लैपटॉप की तलाश में जुटी है। इसी सिलसिले में पुलिस मंगलवार को इंदौर के महालक्ष्मी नगर पहुंची, जहां सोनम रुकी थी। पुलिस टीम के साथ उस बिल्डिंग के कॉन्ट्रैक्टर और ब्रोकर शिलोम जेम्स तथा चौकीदार बलवीर अहिरवार को भी ले जाया गया। बुधवार सुबह शिलॉन्ग पुलिस बिल्डर लोकेंद्र तोमर को भी लेकर इंदौर पहुंची। दोपहर में लोकेंद्र, शिलोम और बलवीर को क्राइम ब्रांच थाने लाया गया, जहां तीनों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की गई।

पुलिस को अब इस केस में हवाला कारोबार से जुड़े इनपुट भी मिलने लगे हैं। अंदेशा जताया जा रहा है कि सोनम के लैपटॉप में हवाला लेन-देन से जुड़ी जानकारी हो सकती है। शिलोम ने इस लैपटॉप को डिजिटल एविडेंस समझकर कथित रूप से फेंक दिया था। इसके अलावा कुछ ऐसी जानकारियां भी सामने आई हैं, जो तांत्रिक क्रिया से जुड़ी हुई लग रही हैं और इससे मर्डर केस की गुत्थी और उलझ गई है।

## ईरान के परमाणु ठिकानों को अमेरिकी हमलों से पहुंचा भारी नुकसान

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय ने पहली बार माना है कि अमेरिका के हमलों में उसके परमाणु ठिकानों को भारी नुकसान पहुंचा है। मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माइल बाघेई ने बुधवार कहा, यह पक्का है कि हमारे परमाणु ठिकानों को भारी नुकसान पहुंचा है। हालांकि, उन्होंने परमाणु केंद्रों की स्थिति और नुकसान की और अधिक जानकारी देने से इनकार कर दिया।

अमेरिकी सेना ने अपने बी-2 स्टेल्थ बमवर्षक विमानों को भेजा था, जिन्होंने ईरान के तीन परमाणु केंद्रों - (नतांज, फोर्डो और इस्फहान) पर बंकर बस्टर बम गिराए थे। पहले इस तरह की कई रिपोर्ट सामने आईं थीं कि अमेरिका ने हमलों ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को बहुत गंभीर नुकसान



पहुंचाया है या लगभग खत्म कर दिया है। अब ईरान ने खुद माना है कि उसके परमाणु केंद्रों को भारी नुकसान हुआ है।

ईरान और इस्राइल के बीच संघर्षविराम को ट्रंप अपनी कामयाबी बता रहे हैं और इस पर खुशी जाहिर कर रहे हैं। हेग में पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने कहा कि इस्राइल के हमलों में शामिल होने का उनका फैसा संघर्ष खत्म करने वाला था, जिसे उन्होंने सभी की जीत बताया। ट्रंप ने अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी की प्रारंभिक रिपोर्ट को खारिज करते हुए कहा कि उसके नतीजे निर्णायक नहीं हैं। उस रिपोर्ट में कहा गया था कि अमेरिकी हमलों ने केवल ईरान के परमाणु कार्यक्रम को कुछ महीनों के लिए पीछे धकेला है। उन्होंने पत्रकारों से कहा, खुफिया जानकारी बहुत अनिर्णायक थी। खुफिया रिपोर्ट कहती है कि हमें पता नहीं। यह बहुत गंभीर हो सकता था। उन्होंने कहा, यह बहुत गंभीर था। यह विनाश था। ईरान का परमाणु कार्यक्रम दशकों पीछे चला गया है। ट्रंप ने यह भी भरोसा जताया कि तेहरान फिर से अपने परमाणु केंद्रों को बनाने की कोशिश नहीं करेगा, बल्कि समझौते के लिए कूटनीतिक रास्ता अपनाएगा। उन्होंने कहा, मैं आपको बताता हूं, वे अब कुछ भी समृद्ध करने की आखिरी चीज चाहते हैं। वे ठीक होना चाहते हैं।

अमेरिका ने रविवार को तड़के सुबह ईरान के खिलाफ एक बेहद गुप्त और बड़ी सैन्य कार्रवाई की थी। इस सैन्य अभियान का नाम ऑपरेशन मिडनाइट हैमर रखा गया था। पेंटागन के मुताबिक, इस ऑपरेशन में अमेरिका के 125 से ज्यादा लड़ाकू विमान और मिसाइलें शामिल थे। ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ जनरल डैन केन ने रविवार को बताया कि यह हमला ईरान के दो प्रमुख परमाणु केंद्रों फोर्डो और नतांज पर किया गया। इसके साथ ही इस्फहान शहर में भी मिसाइलें दागी गईं। जनरल डैन केन ने कहा, हमने ईरान के उन ठिकानों को निशाना बनाया जो सीधे उनके परमाणु कार्यक्रम से जुड़े थे। ऑपरेशन को इस तरह अंजाम दिया गया कि आम नागरिकों को कोई नुकसान न पहुंचे। 125 से ज्यादा अमेरिकी विमान शामिल- इनमें बमवर्षक, फाइटर जेट, टैंकर (तेल भरने वाले विमान), और जासूसी विमान शामिल थे। इसमें बी-2 स्टील्थ बमवर्षक विमानों का इस्तेमाल हुआ, जो मिसौरी से उड़कर आए थे।

# कचनी में काल बनकर आया राखड़ ट्रक, घर का चिराग बुझा

## गुस्साए लोगों ने कचनी-बरगवां मार्ग को किया बाधित, बाईक सवार था युवक, ट्रक के टायर के नीचे आया था युवक, 1 करोड़ मुआवजा की मांग

**सिंगरौली ।** कोतवाली बैढ़न के समीपी कचनी में आज एक घर का चिराग बुझ गया। हुआ यूँ कि राखड़ से भरे ट्रक चालक ने बाईक सवार चालक विनय पाण्डेय पिता संतोष पाण्डेय निवासी कथुरा उम्र 22 वर्ष को टक्कर मार दिया। जहां विनय टायर के नीचे आने से उसका सिर कुचल गया। इस घटना के बाद गुस्साए लोगों ने बैढ़न-बरगवां मार्ग बाधित कर दिया।

दरअसल कथुरा निवासी विनय पाण्डेय आज सौर्य ऊर्जा के एक दुकान में काम करते थे और ट्रामा सेंटर से ईलाज कराकर अपनी मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 66 एमसी 2760 से वापस अपने घर जा रहे थे कि कचनी पेट्रोल पंप के सामने शाम करीब 4 बजे ट्रक वाहन क्रमांक एमपी 53 एचए 2655 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुये पीछे से ठोकर मार दिया। जहां मोटरसाइकिल सवार युवक ट्रक के टायर के नीचे चला गया और टायर आ गया। जिसमें विनय का सर ट्रक से कुचल गया और







घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस घटना की जानकारी जैसे ही मिली घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा होने लगी और देखते ही देखते सैकड़ों लोग एकत्रित हो गये। इस दौरान आक्रोशित लोगों ने शासन-प्रशासन एवं भाजपा नेताओं के साथ-साथ पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुये बरगवां-बैढ़न मार्ग में जाम लगाकर आवागमन बाधित कर दिया। वही घटनास्थल पर ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, मेयर रानी अग्रवाल, पूर्व विधायक सुभाष वर्मा, आप जिलाध्यक्ष रतिभान, आप पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश सोनी के साथ-साथ एसडीएम सृजन वर्मा, तहसीलदार सविता यादव के साथ-साथ भारी संख्या में पुलिस बल भी पहुंचा था और आक्रोशित लोगों को समझाइस भी दे रहे थे। लेकिन लोग कुछ सुनने को तैयार नही थे।

### किडनी ईलाज के लिए पिता ने बेंच दी पूरी संपत्ति

जानकारी के अनुसार विनय पाण्डेय की किडनी फेल थी। जहां उनके पिता ने अपने इकलौते पुत्र के इलाज के लिए अपनी पूरी प्रॉपर्टी में चल-अचल संपत्ति सब बेंच दी और इसी के रकम से बेटे का ईलाज कराया। पूरी जमीन, घर बेचने के बाद संतोष पाण्डेय अपने पूरे परिवार को लेकर खुटार में एक किराये का मकान लेकर पाल पोस रहे थे। उन्हें क्या पता था जिसके लिये पूरी प्रॉपर्टी लूटा दिये, वही घर का चिराग बुझ जाएगा। जब परिजनों को इस घटना की जानकारी लगी तो, मौके पर पहुंचे तो पुत्र विनय पाण्डेय क्षत-विक्षत सिर देखकर पिता बेहोश हो गये। माँ के आँसू नही रूक रहे थे, आसपड़ोस परिवार के लोग ढाढ़ंस बंधाने में लगे थे, लेकिन हर किसी की आँखे गमगिन हो गई थी। जब राह चलते लोगों को यह लगा कि ईकलौता बेटा था और बीमारी से जुझ रहा था और आज घटना घटित हुई तो सभी के जुबान से यही निकल रहा था हे भगवान इतना क्यों रूठे थे।

### मुझे कुछ भी नही चाहिए, केवल मेरा बेटा लौटा दीजिए

घटनास्थल पर मृतक के परिजनों के द्वारा एक ही मांग की जा रही थी कि साहब मुझे कुछ भी नही चाहिए, मेरा बेटा लौटा दीजिए। परिजनों के इसी विलाप को देख हर किसी के आँखे नम हो जा रही थी, वही आरोप लगाया जा रहा था कि यदि राखड़ वाहन न चलता तो, शायद 20 वर्षीय युवक की जान न जाती। प्रशासन की लापरवाही से आज विनय युवक राखड़ ट्रक के भेंट चढ़ गया। घटनास्थल पर प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस एवं आम आदमी पार्टी के कई नेता भी पहुंचे थे। जहां मृतक के परिजनों के साथ खड़े नजर आये। इस दौरान विपक्षी दलों के नेताओं ने भाजपा सरकार एवं स्थानीय प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुये कहा कि जिस जिले में करोड़ों रूपये डीएमएफ फण्ड की राशि हो और वहां बाईपास सड़क न बन पाये, इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है?

### सीएसपी एवं टीआई से झूमाझपटी, हुई पत्थरबाजी

कचनी घटनास्थल पर कुछ देर के लिए स्थिति काफी तनावपूर्ण बन गई थी। गुस्साए लोगबाग ट्रक हवा निकालते हुये तोड़फोड़ करने का प्रयास किये। जहां मौजूद टीआई अशोक सिंह परिहार एवं सीएसपी पीएस परस्ते रोकने का प्रयास किये, तभी आक्रोशित होकर सीएसपी एवं टीआई से झूमाझपटी करने लगे और स्थिति तनावपूर्ण होते देख पुलिस बैकफूट पर आ गई। उधर पुलिस के सामने ही लोग ट्रक में तोड़फोड़ करने लगे। इसी दौरान पत्थरबाजी भी शुरू हो गई। जहां मोरवा टीआई यूपी सिंह के हाथ में पत्थर लग गया। हालांकि बाद में पुलिस ने स्थिति को संभाल लिया। लेकिन कचनी में सड़क जाम के दौरान लोगों की संख्या बल देख पुलिस अधिकारियों के भी पसीने छूटने लगे। इस दौरान पुलिस एवं प्रशासन के खिलाफ जमकर मुर्दाबाद के नारे भी लगाये गयें।

# नन्दगांव एवं नवानगर के बस्ती के घरों में घुसा पानी व मलवा

## एनसीएल परियोजना निगाही खदान से आया गंदा पानी



**सिंगरौली ।** एनसीएल परियोजना निगाही के खदान का गंदा पानी नन्दगांव एवं नवानगर के बस्तियों के करीब चार दर्जन घरों में घुस गया। जहां लोगों को भारी नुकसान पहुंचा है। उनकी घरेलू एवं दैनिक उपयोग की सामग्रियों को भारी नुकसान पहुंचा है। वही इसकी जानकारी मिलते ही ननि की जेसीबी मशीन पहुंच पानी के निकासी के लिए प्रयास शुरू कर दिये।

जानकारी के अनुसार आज दिन बुधवार की सुबह विंध्यनगर एवं निगाही-अमलोरी ईलाके में तेज बारिश हुई थी। जिसमें बताया जाता है कि एनसीएल परियोजना निगाही का खदान पानी एवं मलवा अचानक नन्दगावं और नवानगर के बस्तियों के करीब चार दर्जन घरों में घुस गया। अचानक घरों में पानी व मलवे को देख रहवासी हैरान एवं परेशान हो गये। इतना ही नही अचानक खदान का गंदा पानी एवं मलवा घरों में घुसने से घरेलू सामग्री, फर्नीचर एवं दैनिक उपयोग की वस्तुओं का भारी नुकसान हुआ है। बताया जाता है कि इसकी जानकारी नगर निगम को दी गई। जहां नगर निगम का अमला एवं जेसीबी मशीन को लेकर प्रभावित नवानगर एवं नन्दगांव पहुंच पानी निकासी के लिए व्यवस्था शुरू कर दिया। लेकिन इस दौरान यहां के दर्जनों रहवासी, बाल-बच्चे काफी परेशान हुये।

### पार्षद के पत्राचार का नही दिखा कोई असर

ननि के वार्ड क्रमांक 24 के पार्षद शिवकुमारी ने महाप्रबंधक एनसीएल परियोजना निगाही को 25 जनवरी 2023, 9 फरवरी, 15 जुलाई, 23 अक्टूबर 2024 एवं 6 नवम्बर 2024 को पत्र लिखकर नवानगर में नाला निर्माण के लिए कहा था। ताकि खदान का गंदा पानी इसी नाले से निकल जाये, लेकिन पार्षद का आरोप है कि एनसीएल ऐसे जगह कार्य कराता है जहां उनके चहेतो को लाभ मिलता है। इस ज्वलंत मुद्दा का निराकरण नही कर पाया। लिहाजा आज फिर से घरों में परियोजना का गंदा पानी जमा हो गया।

# कोल डस्ट से नौनिहाल छात्र भी परेशान

## तीन महीने में भी विद्यालय स्थल का नही हो पाया चयन




**सिंगरौली।** सरई तहसील क्षेत्र के गजराबहरा कोलयार्ड के सामने संचालित शासकीय प्राथमिक विद्यालय के नौनिहाल कोल डस्ट से परेशान हो चुके हैं। यहां तक कि कोल डस्ट से उनके कपड़े भी काले पड़ जा रहे हैं। कोल डस्ट से परेशान अभिभावको के मांग पर तीन महीने बाद भी अन्यत्र विद्यालय भवन बनाने के लिए स्थल का भी चयन नही हो पा रहा है। जिले के जनपद पंचायत क्षेत्र देवसर अंतर्गत गजरा बहरा में कोल यार्ड के सामने शासकीय प्राथमिक शाला बीते कई वर्षों से संचालित है। कोलयार्ड से उड़ने वाली कोल डस्ट लगातार स्कूल में पहुंच रही है। देवसर विधायक ने मार्च के आखिरी सप्ताह में विद्यालय शिफ्टिंग के संबंध में बात की गई थी और कहा था कि विद्यालय को शिफ्ट करने के लिए भूमि चयन की प्रक्रिया चल रही है। नतीजा यह निकला की आज तक विद्यालय के लिए भूमि का चयन नही हो सका। छोटे-छोटे बच्चे कोल डस्ट से प्रभावित हो रहे हैं। इसके बावजूद कंपनी प्रबंधन खण्ड प्रशासन के साथ मिलकर विद्यालय भवन के लिए स्थल का चयन नही कर पाया। लिहाजा यहां के नौनिहाल छात्रों एवं शिक्षको को कोयले डस्ट के साथ पठन-पाठन करना एवं कराना पड़ रहा है।

# पचखोरा रोड 2 किमी. के दायरे में 300 से ज्यादा गड्ढे

## बबन चौराहा, पचखोरा, घुरीताल सड़क की हालत काफी खराब, सीवर लाइन निर्माण कार्य में सड़क का निकला कचूमर

**सिंगरौली।** जिला मुख्यालय बैढ़न के पचखोरा और घुरीताल मार्ग की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। करीब 2 किलोमीटर लंबी इस सड़क पर 300 से अधिक गड्ढे हैं, जिससे न सिर्फ वाहन चालकों को बल्कि पैदल चलने वालों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के इस हालत का जिम्मेदार सीवर लाइन का काम कर रही कंपनी और नगर निगम के अधिकारी है।

बता दें कि नगर निगम के मुख्य मार्ग के कॉलेज चौराहे से वार्ड क्रमांक 42 और वार्ड क्रमांक 30 के लिए करीब 2 किलोमीटर के दायरें में बनी सड़क में 300 से ज्यादा छोटे-बड़े गड्ढे हो गये हैं। वैसे ही रोड सिंगल लेन और भी सिकुड़ गयी है, उस पर हर ब्रेकर के पास गड्ढे परेशानी का सबब बनते जा रहे हैं। दिनों दिन छोटे से बड़े होते जा रहे कई गड्ढे इतने बड़े हो गये हैं कि उनसे अगल-बगल होकर निकलना पड़ता है। बबन सड़क से पचखोरा और घुरीताल जाने वाली सड़क में ज्यादा गड्ढे हो गए हैं। वहीं सड़क के बीचो-बीच पतली नाली बन गई है, जिससे फिसलन की समस्या बनी रहती है। इससे यहां पर अक्सर दोपहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त होते रहते हैं। इन तमाम हालातों के कारण पचखोरा, पूर्वी घुरीताल और पश्चिमी घुरीताल आवागमन के लिए असुरक्षित हो गयी है।



डेढ़ साल पहले लाखों की लागत से कॉलेज चौराहा से लेकर पचखोरा और घुरीताल में सड़क निर्माण कराया गया था। वहीं करीब 7 महीने पहले पचखोरा और घुरीताल मार्ग में सीवर लाइन डाला गया। इसके बाद पूरी सड़क तहस-नहस हो गई। गर्मियों में वार्ड के लोगों को धूल के गुब्बार से जूझना पड़ा, तो अब बारिश होने से सड़क जगह-जगह धस रही है। वही सड़के कीचड़ से लथपथ रहती है। इसके कारण सड़क उखड़ रही है और ये समस्या हमेशा के लिए हो गई है, लेकिन सब कुछ जानते हुए इस पर अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया। जबकि कायदे से सीवर लाइन निर्माण एजेंसी को सड़क को पूर्व की तरह बनाकर छोड़ना था। लेकिन जिम्मेदारों अकर्मण्यता के कारण या फिर लेन देन के चलते ठेकेदार मनमानी कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया।

### इनका कहना है

अच्छी खासी सड़क को तोड़कर सीवरेज लाइन का काम करने के बाद ठेकेदार ने ऊपर से मिट्टी भरकर सड़क बना दी। बारिश में मिट्टी दब जा रही है, जिससे गड्ढे हो रहें हैं। कई बार इसकी शिकायत की, लेकिन अधिकारी ध्यान नहीं देते।

**अंजना शाह**
**निर्दलीय पार्षद, नपानि**
**सिंगरौली**

# कसर ओव्हर ब्रिज के नीचे सड़क में भरा कमर तक पानी

**सिंगरौली।** कसर-चितरंगी मार्ग के ओव्हर ब्रिज के नीचे सड़क मार्ग में कमर तक पानी भरने से आवाजाही प्रभावित रहा है। यहां ओव्हर ब्रिज के चलते जल निकासी की व्यवस्था न होने से बारिश का पानी ओव्हर ब्रिज के नीचे जमा हो रहा है। दरअसल कसर-चितरंगी मार्ग के रेलवे ओव्हर के नीचे सड़क मार्ग में इन दिनों बारिश का पानी कमर तक जमा हो रहा है। जहां छोटे-बड़े वाहन इस पानी में समा जा रहे हैं। आज दिन बुधवार की सुबह से लेकर दोपहर तक इसी तरह का नाजारा था। जहां ओव्हर ब्रिज सड़क के नीचे लबालब पानी भर जाने से आवागमन करीब-करीब प्रभावित रहा है। वाहन चालको एवं आसपास के रहवासियों का कहना है कि रेलवे ने तो ओव्हर ब्रिज बनाया, लेकिन पानी या जल निकासी के लिए कोई इंतजामात नही किया। लिहाजा बारिश का पानी यहां जमा हो जा रहा है। पैदल चलने वाले लोग रेलवे ट्रैक को पार कर जा रहे हैं, लेकिन बाईक सवार चालको को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। यहां समस्या आज से नही करीब 7 वर्षो से है। इसके बावजूद रेलवे एवं शासन-प्रशासन कोई कदम नही उठा रहा है। जबकि इसी मार्ग से आये दिन मंत्री, सांसद से लेकर कलेक्टर व एसडीएम का भी आना जाना होता है।

# संविधान की हत्या करने वाले ही आज संविधान रक्षा का ढोंग कर रहे हैं : गणेश

## आपातकाल के 50वें वर्ष पर आयोजित गोष्ठी पर बोले सतना सांसद

**सिंगरौली।** 25 जून भारत के इतिहास की वो तारीख है जब 1975 में देश पर आपातकाल थोपा गया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता को बचाने और लोकनायक के आंदोलन को दबाने के लिए देश में आपातकाल लगाया था।

भारतीय जनता पार्टी 25 जून को संविधान हत्या दिवस की संज्ञा देती है और कई प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करती है। 25 जून को आपातकाल के 50 वर्ष होने पर भारतीय जनता पार्टी ने देश भर में इसे काले दिवस के रूप में मनाया और गोष्ठियों का आयोजन किया। जिले में इस गोष्ठी का आयोजन दुद्धिचुआ के सूर्य किरण भवन के सभागार में सम्पन्न हुआ। इस गोष्ठी को संबोधित करने के लिये प्रदेश संगठन ने सतना लोकसभा क्षेत्र के सांसद गणेश सिंह को मुख्य वक्ता के रूप में सिंगरौली भेजा था, जिनके ही मुख्य आतिथ्य में इस गोष्ठी का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस गोष्ठी में विशिष्ट अतिथि के रूप में पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री राधा सिंह, विधायक रामनिवास शाह, राजेंद्र मेश्राम, सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने की। मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे सांसद गणेश सिंह ने कहा कि न्यायालय के अधिकार छीन लिए गए, मीडिया संस्थानों को बंद करा दिया गया, जेल में बंद आंदोलनकारियों को अपने परिजनों के अंतिम संस्कार तक में शामिल होने की अनुमति नही दी गई और भारत के संविधान की सबसे बड़ी हत्या की गई और आज कितनी बेशर्मी से पूरे देश में संविधान की किताब लहराते घूम रहे हैं। ये संविधान के हत्यारे संविधान बचाने की बात कर रहे हैं, इससे बड़ा देश के लिए दुर्भाग्य दूसरा नहीं हो सकता। सांसद ने कहा कि हमारा संविधान संशोधन जनता के हितों के लिए होता है और कांग्रेस के सभी संविधान संशोधन इनके स्वहित के लिए हुए हैं।


## कार्यालय नगर पालिक निगम सिंगरौली, जिला सिंगरौली (म0प्र0)

क्रमांक/ 2056 ई-टेण्डरिंग/2025-26 सिंगरौली, दिनांक 24/06/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत का विस्तृत विवरण वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | टेण्डर जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि | कार्य लागत | निविदा प्रपत्र मूल्य | निविदा प्रपत्र EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 431739 | 18-06-2025 | [Construction of PCC Road at Ward No 39 Near Ayesha Masjid] | 2 Months | 1,351,185 | 2,000 | 24,024 | 19-07-2025 |
| 2 | 431744 | 20-06-2025 | [Construction of Hume Pipe Culvert at ward no.09 const. of Drain ward no 07 near OP jaiswal House and Patch work at ward no10 dudhichua] | 2 Months | 327,888 | 2,000 | 6,558 | 5-Jul-2025 |
| 3 | 431837 | 19-06-2025 | [Interlocking of Various Places In Nehru Basti at Ward no 18] | 2 Months | 2,182,244 | 5,000 | 43,645 | 19-07-2025 |
| 4 | 431847 | 19-06-2025 | [Construction and Development of City Green Forest at Deora Near Muktidham Singrauli M.P. 4th Call] | 6 Months | 8,392,419 | 10,000 | 83,924 | 3-Jul-2025 |
| 5 | 431871 | 19-06-2025 | [Construction of Retaining Wall Near Loknath nursery ward No. 37] | 2 Months | 757,117 | 2,000 | 15,142 | 3-Jul-2025 |
| 6 | 431877 | 19-06-2025 | [Construction of RCC Drain With Precast from Ramakanti house to Telai mod Both side at Ward no 44] | 3 Months | 3,622,298 | 5,000 | 50,000 | 19-07-2025 |
| 7 | 431884 | 19-06-2025 | [Construction of Pcc Work in Fire Station Gi Pipe Laying And Rcc Post For fire Hydrant] | 2 Months | 2,523,556 | 5,000 | 50,000 | 19-07-2025 |
| 8 | 431895 | 19-06-2025 | [Construction of Culvert, Gate, Approach for Esai Kabristan Ward No. 08 III call] | 2 Months | 407,392 | 2,000 | 8,148 | 3-Jul-2025 |
| 9 | 431917 | 19-06-2025 | [Construction of Shed at Ward No 41 Jogiya Veer] | 2 Months | 1,226,941 | 2,000 | 24,539 | 19-07-2025 |
| 10 | 431922 | 19-06-2025 | [Construction of RCC Shed at Ward No 20] | 2 Months | 1,177,951 | 2,000 | 23,559 | 19-07-2025 |
| 11 | 431931 | 19-06-2025 | [Construction of Drain Cover at Ward No 40] | 2 Months | 186,856 | 2,000 | 3,737 | 3-Jul-2025 |
| 12 | 431955 | 19-06-2025 | [Construction of RCC Drain Place Ward 30 Majan Khurd Saket Basti Nali Marammat and precast] | 2 Months | 781,367 | 2,000 | 15,627 | 3-Jul-2025 |
| 13 | 431972 | 19-06-2025 | [Construction of Precast at ward no.25] | 2 Months | 2,204,610 | 5,000 | 44,092 | 19-07-2025 |
| 14 | 431944 | 19-06-2025 | [Construction of Urinal at Ward No 19] | 2 Months | 257,597 | 2,000 | 5,152 | 3-Jul-2025 |
| 15 | 431983 | 19-06-2025 | [Construction of RCC Drain At Ward No 30] | 4 Months | 5,203,116 | 10,000 | 52,091 | 19-07-2025 |
| 16 | 431990 | 19-06-2025 | [Construction of Drain at Ganiyari Kailash Colony Ward No 41] | 3 Months | 3,237,475 | 5,000 | 50,000 | 19-07-2025 |
| 17 | 432338 | 20-06-2025 | [Supply of 20 Labour for Three Months at Navjeean Bihar Zone IInd Call] | 3 Months | 796,320 | 2,000 | 15,926 | 28-06-2025 |
| 18 | 432412 | 23-06-2025 | [Supply of 15 Labour for Three Months at Morwa Zone IInd Call] | 3 Months | 603,240 | 2,000 | 12,065 | 30-06-2025 |
| 19 | 432414 | 23-06-2025 | [Supply of 15 Labour for Three Months at Jayant Zone IInd Call] | 3 Months | 603,240 | 2,000 | 12,065 | 30-06-2025 |
| 20 | 432427 | 23-06-2025 | [Supply of 25 Labour for Three Months at Waidhan Zone IInd Call] | 3 Months | 995,400 | 2,000 | 19,908 | 30-06-2025 |
| 21 | 432421 | 23-06-2025 | [Supply of 25 Labour for Three Months at Grameen Zone IInd Call] | 3 Months | 995,400 | 2,000 | 19,908 | 30-06-2025 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन **http://mptenders.gov.in** की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र मे प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**Executive Engineer**
**Municipal Corporation**
**Singrauli**

# कांग्रेस लोकतंत्र की हत्यारिन, मीसा बंदियो का त्याग, समर्पण और बलिदान हमारी प्रेरणा : उप मुख्यमंत्री

## आयोजित हुई संगोष्ठी और हुआ मीसा बंदियों का सम्मान

**सीधी।** आपातकाल के दौरान सत्ता के विरुद्ध हर सशक्त आवाज को इंदिरा गांधी ने जेलों में बंद कर लोकतंत्र स्वतंत्रता सेनानियों को प्रताड़ित किया। इस अवसर पर लोकतंत्र की रक्षा के लिए समस्त मीसाबंदियों के महत्वपूर्ण योगदान को स्मरण कर उन्हें नमन करता हू।

उक्त आशा के विचार मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित आपातकाल, काला दिवस और लोकतंत्र की हत्या दिवस पर आयोजित विचार गोष्ठी एवं मिशाबंदियों के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा, सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक, धौहनी विधायक कुँवर सिंह टेकाम, सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक, मीशाबंदी यदुनाथ सिंह चौहान, मंगलेश्वर सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू राम जी सिंह की विशिष्ट उपस्थिति में सैकड़ो कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए।

सैकड़ो कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि 21वीं शताब्दी भारत की होगी। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की चौथी आर्थिक महाशक्ति बन चुका है। श्री शुक्ल ने कहा कि हम सत्ता उपभोग के लिए नहीं, बल्कि सत्ता में सेवा के लिए आए हैं। कांग्रेस ने सत्ता भोगने के लिए सत्ता का दुरुपयोग किया। संविधान का गला घोटा और जनता जनार्दन पर अनगिनत अत्याचार किया। आपातकाल इसका जीता जागता उदाहरण है। मिश्रा बंदी यदुनाथ सिंह, मंगलेश्वर सिंह, जनार्दन मिश्रा द्वारा बताए गए संस्मरण कांग्रेस द्वारा किए गए जुल्मों की गाथा को बयां करता है। आपातकाल के दौरान कांग्रेस की इंदिरा सरकार द्वारा किए गए अत्याचार को सुनने पर हमारे रोंगटे खड़े हो जाते हैं।

उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने जनता को चेताया की भविष्य में ऐसा कृत्य कोई दूसरा व्यक्ति ना करें इसलिए हम सभी को हमेशा सजग और सतर्क रहना है।



आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर हम सभी यह प्रण लें कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए अच्छी पार्टी और अच्छे लोगों को लोकतंत्र में चुने।

### आपातकाल अत्याचार की पराकाष्ठा : यदुनाथ

आपातकाल के दौरान 19 से 20 महीने तक जेल की सजा भोगने के पश्चात कांग्रेस की इंदिरा सरकार के द्वारा किए गए अत्याचारों को मीशा बंदी यदुनाथ सिंह ने अपने संस्करण में बताया कि हम लोगों को ऐसी यातनाएं जाती थी जैसे आतंकवादी हो। हमें चोर, डकैत और कुख्यात अपराधियों के साथ रखा जाता था और ऐसे अपराधियों जैसा व्यवहार किया जाता था। कांग्रेस की इंदिरा सरकार द्वारा आपातकाल के दौरान दिए गए दी गई यातनाओ को याद करते हुए आज भी आंखों में आंसू भर आता है।

आपातकाल के दौरान ऐ गए थे जेल आपातकाल के दौरान जिले से जेल जाने वालों में प्रमुख रूप से यदुनाथ सिंह चौहान, बाला प्रसाद गुप्ता, मंगलेश्वर सिंह चौहान, स्वर्गीय सूर्य नारायण सिंह, स्वर्गीय चित्रभानु सिंह, स्वर्गीय रामखेलावन पाण्डेय, स्वर्गीय राजबली सिंह, स्वर्गीय रामपाल तिवारी, स्वर्गीय गजाधर सिंह, स्वर्गीय मोहनलाल चौरसिया, स्वर्गीय बैद्यनाथ भारद्वाज, स्वर्गीय बुद्ध सेन गुप्ता, स्वर्गीय सोमेश्वर सिंह, स्वर्गीय देवेंद्र प्रताप मिश्रा, स्वर्गीय राधेश्याम गुप्ता, स्वर्गीय बुद्ध सेन पिपरिया, स्वर्गीय मानिक राम वर्मा, स्वर्गीय कपिल देव पाण्डेय सहित सैकड़ो लोग शामिल हैं

### आपातकाल पुनः ना लगे, इसलिए रहे जागरूक : देव कुमार

विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए अध्यक्षीय उद्बोधन में भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने आए हुए अतिथियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी आपातकाल एक विभीषिका को संविधान हत्या दिवस के रूप में मना रही है। जिससे आने वाली पीढ़ी इससे सबक ले और सजग और सतर्क रहे।

### आपातकाल हिटलर शाही का प्रतीक : रीती

सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल सहित सभी मंचासिन अतिथियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि स्थानीय विधायक होने के नाते में आप सभी का अभिनंदन करती हूं। आपातकाल कांग्रेस की इंदिरा सरकार द्वारा लगाया गया एक हिटलर शाही की पहचान है।

### मीशा बंदियो का हुआ सम्मान

विचार गोष्ठी के शुभारंभ के पूर्व मीशा बंदी वरिष्ठ अधिवक्ता यदुनाथ सिंह चौहान और मंगलेश्वर सिंह चौहान का मंचासिन अतिथियां ने स्मृति चिन्ह ,पुष्प गुच्छ और हल्दी तिलक से अभिनंदन किया। इसके पूर्व उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला का सांसद डॉ राजेश मिश्रा, विधायक श्रीमती रीती पाठक और भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य इंद्र शरण सिंह चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष बृज बिहारी लाल शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष मऊगंज प्रभारी के के तिवारी, लाल चंद्र गुप्त, जनपद अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र सिंह चौहान सहित पार्टी पदाधिकारी और सैकड़ो की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, मोर्चा, प्रकोष्ठ मंडल के कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए।

# आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने के कार्यक्रम वर्ष भर आयोजित होंगे



**सीधी।** आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार जिले भर में 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया गया। इस संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आपातकाल से जुड़ी लघु फिल्म दिखाई गई। भारत सरकार की अधिसूचना के अनुसार 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में अधिसूचित किया गया है। सरकार के संस्कृति विभाग के निर्देशों के अनुसार 25 जून 2025 से लेकर 25 जून 2026 तक आपातकाल तथा संविधान की हत्या से जुड़े जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आज ही नई दिल्ली में कर्तव्य पथ से जागरूकता के लिए 6 मशालें देश के भ्रमण के लिए रवाना हो रही हैं। सभी राज्यों के प्रमुख शहरों में इनका भ्रमण होगा। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आमजनता को 1975 में लगाए गए आपातकाल के संबंध में जानकारी दी जाएगी। शिक्षण संस्थाओं में निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, नारा लेखन तथा फोटो प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को इस संबंध में जागरूक किया जाएगा।

कार्यक्रम में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने शासन के निर्देशानुसार कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को नोडल बनाने तथा जनअभियान परिषद को सहायक नोडल के रूप में कार्यक्रम के समन्वय के लिए जिम्मेदारी सौंपने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एण्ड एम्प्लॉयमेंट कॉनक्लेव के अवसर पर जिले में हितग्राहियों को किया जाएगा लाभान्वित

सीधी

रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एण्ड एम्प्लॉयमेंट कॉनक्लेव का आयोजन दिनांक 27.06.2025 को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में रतलाम में आयोजित है। कार्यक्रम के परिपेक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कार्यालय कलेक्ट्रेट सभागार सीधी में होगा। उक्त कार्यक्रम में रतलाम में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया जावेगा तथा शासन की विभिन्न रोजगार, स्वरोजगार एवं स्किलिंग संबंधी योजनाओं में लाभान्वित हुए हितग्राहियों/लाभार्थियों को आमंत्रित कर हितलाभ पत्र जन प्रतिनिधियों के माध्यम से दिलाया जाना है।

कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने सभी संबंधितों को निर्देशित किया है कि कार्यक्रम में अपने विभाग में संचालित रोजगार एवं स्वरोजगार योजनाओं के हितग्राही कार्यक्रम में शामिल कराया जाना सुनिश्चित करें। हितग्राहियों की सूची जिन्हे कार्यक्रम में मंच से ऋण स्वीकृत/वितरण पत्र वितरित किया जाना है, की जानकारी दिनांक 26.06.2025 को दोपहर 12 बजे तक महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, सीधी को योजनाओं की प्रगति की जानकारी के साथ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# धरती आबा जनभागीदारी अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 26 जून को अटल आडिटोरियम में

**सीधी।** धरती आबा जनभागीदारी अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सांसद डॉ. राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य एवं विधायक विधानसभा क्षेत्र धौहनी कुंवर सिंह टेकाम की अध्यक्षता तथा विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक, विधायक सिहावल श्री विश्वामित्र पाठक, विधायक चुरहट श्री अजय सिंह राहुल एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मन्जू सिंह के विशिष्ट आतिथ्य में किया जा रहा है। धरती आबा जनभागीदारी अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन अटल आडिटोरियम संजय गांधी महाविद्यालय सीधी में दिनांक 26.06.2025 को दोपहर 12 बजे से किया जा रहा है।

# शासकीय कन्या महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत पखवाड़ा एवं संविधान हत्या दिवस का आयोजन

**सीधी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी में संविधान हत्या दिवस के अवसर पर कार्यक्रमों का आयोजन दिनांक 25 जून 2025 से प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. देवेन्द्र कुमार सोनी ने की। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. प्रतिमा कौल एवं कार्यक्रम का संचालन डॉ.पुष्पेन्द्र तिवारी ने किया। कार्यक्रम प्रभारी द्वारा छात्राओं को जानकारी दी गई कि 25 जून 2025 से संविधान हत्या दिवस के संदर्भ में निबंध, भाषण, वाद विवाद प्रतियोगिता सेमिनार का आयोजन समय-समय पर किया जायेगा। वेबसाइट में उपलब्ध फिल्म तथा प्रदर्शनी को महाविद्यालय में भी छात्राओं को दिखाया जायेगा। प्रभारी प्राचार्य द्वारा संविधान हत्या दिवस के बारे में विस्तरित जानकारी छात्राओं को दी गई। महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अंतर्गत 12 जून से 26 जून 2025 तक के समापन समारोह कार्यक्रम में समस्त छात्राओं को प्राभारी प्राचार्य डॉ. देवेन्द्र कुमार सोनी द्वारा शपथ ग्रहण कराई गई। साथ ही आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्राओं को आनलाइन डिजिटल सर्टिफिकेट प्रदान किये गये। कार्यक्रम में डॉ. सूरज सिंह चौहान, डॉ. अनिलेश वर्मा, डॉ. विजय अहिरवार, रोहित साहू, डॉ. प्रीती सतनामी, प्राची सिंह, डॉ. नन्दकिशोर कलोशिया, डॉ. रावेन्द्र यादव, संदीप चौरसिया, डॉ. मोहित मेहरा, रामबदन विश्वकर्मा, मानसी भूर्तिया, डॉ. चांदनी कुशवाहा, श्री कांत चौरसिया एवं महाविद्यालय की समस्त छात्राएं उपस्थित रही।



# पहली ही बारिश में पानी से लबालब हुए खेत तालाब, हितग्राहियों के लिए खुशियों की सौगात

**सीधी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रदेश सरकार द्वारा 30 मार्च से 30 जून तक अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान अंतर्गत जिले से खेत तालाब के निर्माण कार्य कराए जाने हेतु जनपदों को लक्ष्य निर्धारित किया गया था जिसमें कुसमी जनपद को 370 खेत तालाबों को कराए जाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ था चूंकि कुसमी जनपद आदिवासी अंचल में बसा होने के कारण इतने खेत तालाबों हेतु हितग्राहियों का चयन करना काफी चुनौती पूर्ण रहा। इस चुनौती से निपटने के लिए मनरेगा योजना में इस बार तकनीक का इस्तेमाल करते हुए पहले प्लानर सॉफ्टवेयर में ग्राम पंचायत वार कार्यों का कराये जाने हेतु प्लानिंग की गई। उसके बाद 'सीपरी' सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करते हुए खेत तालाबों का चयन किया गया।

ग्राम पंचायत टमसार के हितग्राही उदयभान पिता पतीराज एवं विजय बहादुर सिंह द्वारा पहली बारिश में लबालब भरे खेत तालाबों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की गई। उन्होंने बताया कि इस बार समय से धान की खेती की रोपाई खेत तालाबों में भरे पानी के उपयोग से कर पाएंगे। पिछली बार पानी की उपलब्धता न होने के कारण धान की फसल खराब हो गई थी किंतु शासन के द्वारा मनरेगा से खेत तालाबों का निर्माण कराकर किसानों की सहायता की गई । खेत तालाबों के निर्माण से जहां एक तरफ ग्राम के जलस्तर में वृद्धि होगी वही किसानों को अपनी खेती की सिंचाई के लिए जल की उपलब्धता रहेगी। मनरेगा योजना के जिला कार्यक्रम समन्वयक कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज के निर्देशन में 370 खेत तालाबों के निर्माण के लक्ष्य को जनपद कुसमी के सीईओ ज्ञानेंद्र मिश्रा एवं अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अजय द्विवेदी के द्वारा तकनीक टीम के साथ मिलकर सीपरी सॉफ्टवेयर का उपयोग करते हुए शत प्रतिशत खेत तालाबों का लक्ष्य प्राप्त किया गया है। खेत तालाबों के निर्माण से जहां एक तरफ किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो रही है वहीं दूसरी तरफ ग्राम के भूजल स्तर में भी वृद्धि एवं आसपास की जल संरचना भी रिचार्ज हो रही है। इस अभियान को सफल बनाने में ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक के द्वारा भी परस्पर सहयोग प्रदान किया गया है।



# रेत का अवैध परिवहन करने पर की गई कार्यवाही

**सीधी।** प्रभारी खनिज अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी के कुशल मार्गदर्शन मे बुधवार दिनांक 25/06/2025 को सीधी जिले में अवैध परिवहन रोक-थाम हेतु खनिज दल द्वारा बघवार वन नाका के पास एक हाइवा वाहन क्रमांक एमपी17जेडके9031 को अभिवहन पार पत्र (ईटीपी) में अंकित मात्रा से अधिक मात्रा में खनिज रेत का परिवहन (ओव्हरलोड परिवहन) करते पाए जाने पर जप्त कर सुरक्षार्थ पिपरावं चौकी में खड़ा कराया गया। इसके अतिरिक्त एक ट्रैक्टर ट्रॉली क्रमांक एमपी53एए5819 को बिना अभिवहन पास के खनिज रेत का परिवहन करते पाए जाने पर जप्त कर सुरक्षार्थ थाना रामपुर नैकिन में खड़ा कराया गया है। खनिज रेत का परिवहन कर रहे उक्त जप्त वाहनो के वाहन चालक/वाहन स्वामियों के विरुद्ध म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही मे प्रभारी खनि निरीक्षक श्री देवेंद्र महोबे, नगर सैनिक श्री शिवशंकर सिंह, नंदीलाल रावत, अनिल पाठक व अश्वनी तिवारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



# अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने पंचायत के कार्यों का किया निरीक्षण

## जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों को 30 जून तक पूर्ण करने के दिए निर्देश



**सीधी।** अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धनंजय मिश्रा ने सीधी जिले के सिहावल विकासखंड के ग्राम पंचायत चितांग, तेदुआ नंबर 2, बिठौली, एवं पिपरहा का भ्रमण कर शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं तथा हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

भ्रमण के दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा प्रधानमंत्री आवास, पेंशन योजना, जल गंगा संवर्धन अभियान के साथ-साथ लोक सेवा केंद्र सिहावल एवं ई-केवाईसी के कार्य का भी निरीक्षण किया गया। उपस्थित सचिव, ग्राम रोजगार सहायक एवं पीसीओ को सभी योजनाओं को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों को 30 जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने सीएम हेल्प लाइन एवं प्रधानमंत्री आवास में न्यूनतम प्रगति वाली ग्राम पंचायतों के सचिव, ग्राम रोजगार,पीसीओ, हितग्राहियों से भी चर्चा की।

भ्रमण के दौरान जितेंद्र द्विवेदी जिला प्रबंधक लोक सेवा, डीसी आवास ब्रह्मानंद पाण्डेय, बीसी आवास मनमूरति मिश्रा, उपयंत्री आयुष सिंह, सचिव चितांग कौशल प्रसाद, राघवेन्द्र पटेल ग्राम रोजगार सहायक, शेर बहादुर सिंह पीसीओ, उपस्थित रहे।

# संजय टाइगर रिजर्व में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

## वन्यप्राणी के स्वास्थ्य प्रबंधन संबंधी कार्यशाला द्वारा भविष्य में सफल परिणाम प्राप्त करने पर जोर दिया गया

**सीधी।** संजय टाइगर रिजर्व सीधी मे दिनांक 23 जून एवं 24 जून 2025 को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम ''कैपेसिटी बिल्डिंग इन वाइल्डलाइफ हेल्थ मैनेजमेंट फॉर फील्ड वेटेरिनियन्स'' विषय पर आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में संजय टाइगर रिजर्व सीधी के अधिकारी/कर्मचारी, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक डॉ अनुपम सहाय, पेंच टाइगर रिजर्व के उपसंचालक रजनीश सिंह, वनमंडल अधिकारी सीधी प्रीति अहिरवार, मानसेवी जिला वन्यप्राणी अभिरक्षक एवं सेवा निवृत्त उपसंचालक पशु स्वास्थ्य सेवा डॉ कैलाश तिवारी, पेंच एवं बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व तथा मुकुंदपुर जू के वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी क्रमशः डॉ अखिलेश मिश्रा, डॉ राजेश तोमर एवं डॉ नितिन गुप्ता, एस. डब्लू. एफ़. एच. जबलपुर के सहायक व्याख्याता डॉ. अमोल रोकड़े, डॉ काजल यादव, एडवोकेट प्रतीक मिश्रा एवं सतना, रीवा, सीधी, शहडोल तथा सिंगरौली जिला के पशुपालन और डेयरी विभाग के 12 पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सम्मिलित रहे।



कार्यक्रम का संचालन वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी, संजय टाइगर रिजर्व सीधी डॉ अभय सेंगर द्वारा किया गया। अमित दुबे क्षेत्र संचालक संजय टाइगर रिजर्व सीधी द्वारा वन्यप्राणी के स्वास्थ्य प्रबंधन संबंधी कार्यशाला के भविष्य में सफल परिणाम प्राप्त करने पर जोर दिया गया। उपसंचालक संजय टाइगर रिजर्व सीधी राजेश कन्ना टी द्वारा संजय टाइगर के वन्यप्राणी प्रबंधन पर प्रस्तुतिकरण दिया गया। विभिन्न जिलों से सम्मिलित पशु चिकित्सा अधिकारियों को वन्यप्राणी के स्वास्थ्य प्रबंधन एवं शव परीक्षण की प्रक्रिया, मानव एवं वन्यप्राणी द्वंद्व के दौरान रेस्क्यू में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया, सुरक्षा, बचाव, सफल रेस्क्यू आदि के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। द्वितीय दिवस जंगल सफारी एवं वन्यप्राणी के व्यवहार की समझ एवं शव परीक्षण का प्रशिक्षण प्रदाय किया गया। एडवोकेट प्रतीक मिश्रा द्वारा प्रशिक्षण में वन्यप्राणी के आपराधिक मामलों में आने वाली न्यायालय संबधी समस्या और बचाव आदि पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम का समापन क्षेत्र संचालक संजय टाइगर रिजर्व सीधी अमित दुबे और क्षेत्र संचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया डॉ अनुपम सहाय द्वारा सम्मिलित सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर किया गया।

कार्यक्रम का सफल आयोजन राजेश कन्ना टी. उपसंचालक संजय टाइगर रिजर्व के निर्देशन और सहायक संचालक मझौली नरेंद्र कुमार रवि के मार्गदर्शन में परिक्षेत्र अधिकारी दुबरी आकाश परोहा, परिक्षेत्र अधिकारी बस्तुआ महावीर पांडेय, परिक्षेत्र अधिकारी ब्यौहारी बफर शुभम खरे द्वारा किया गया।

## संपादकीय

### पाक फिर बेनकाब

एनआईए की जांच ने पाकिस्तान के इस झूठ की पोल खोल दी है कि पहलगाम आतंकी हमले में उसका हाथ नहीं था। अब तो इस बात के सबूत हैं कि सीमा पार इस हमले की साजिश ही नहीं रची गई, आतंकवादी भी वहां से आए थे और उन्हें पाकिस्तानी इस्टैब्लिशमेंट का पूरा सपोर्ट था। इस खुलासे से पाक प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत का पक्ष मजबूत हुआ है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने उन दो लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने पाकिस्तान से आए लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों को पनाह दी थी। इनमें से एक आतंकी की पहचान हाशिम मूसा उर्फ सुलेमान के रूप में हुई है, जो पाकिस्तानी सेना में पैरा कमांडो रह चुका है। माना जा रहा है कि सेना ने मूसा को इस आतंकी मिशन के लिए ही लश्कर को दिया था। इससे एक बार फिर यह साबित होता है कि आतंकवाद पाकिस्तानी सेना की रणनीति का एक हिस्सा है और वह आतंकियों के साथ मिलकर काम करती है। भारत का शुरू से कहना रहा है कि पहलगाम में पाकिस्तान शामिल है। उसके सेना प्रमुख असीम मुनीर के इशारे पर यह घिनौनी वारदात हुई। यह खुलासा भारत के उन कदमों को सही ठहराता है, जो उसने पहलगाम के बाद उठाए थे - सीमा पार मौजूद आतंकी ढांचों को ध्वस्त करना और सिंधु जल समझौते का निलंबन। टेरर फंडिंग पर नजर रखने वाली एजेंसी एफएटीएफ ने भी कुछ दिनों पहले कहा था कि इतना बड़ा आतंकी हमला आर्थिक मदद के बिना संभव नहीं है। ऐसे में पाकिस्तान को फिर से ख्रङ्क्रख की ग्रे लिस्ट में डालने के लिए भारत अपनी बात मजबूती से रख सकता है। साथ ही, इससे पाकिस्तान पर लश्कर प्रमुख हाफिज सईद समेत उन आतंकियों पर कार्रवाई करने का भी दबाव बनाया जा सकता है, जिसे उसने अपने यहां छिपा रखा है। संसद पर हमला हो, मुंबई अटैक या फिर पठानकोट - हर बार पाकिस्तान की संलिप्तता सामने आई और इसके बावजूद उसने अपना टेरर अजेंडा नहीं छोड़ा। ऐसे में यह उम्मीद नहीं कर सकते कि पहलगाम मामले में वह सच को सहजता से स्वीकार कर लेगा या अपनी आदत बदल देगा।

**विगत सालों पहले सरकार ने टोल से नगद वसूली के नियमों को बदलकर जब से फास्टैग योजना को लागू किया था, तब से उसकी आमदनी में चार चांद लग गए। दरअसल, फास्टैग एक इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली है, जिसे एनएचएआई लीड करती है। फास्टैग से टोल वसूली का पैसा धीरे सरकार के खज़ाने में जाता है। फास्टैग रेडियो फ्री[ˆसी आइडेंटिफिकेशन तकनीक से उपयोग होती है, जिससे ग्राहक टोल भुगतान सीधे प्रीपेड या बचत खाते से आसानी से करते हैं। वित्तीय वर्ष-2024 में भारत भर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल संग्रह राजस्व का मूल्य 648 बिलियन भारतीय रुपए से अधिक रहा। यही कारण है कि सरकार इस सब्जेक्ट को इतनी गंभीरता से लेकर चल रही है। सरकार का मकसद है कि नए नियमों का फायदा ग्राहकों को भी हो और उनकी आमदनी में भी इज़ाफा हो?**

# कितनी सहूलियत देगा 'फास्टैग' का नया नियम?

(डॉ. रमेश ठाकुर )

गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी मंत्री नितिन गडकरी ने एक ऐलान किया था कि 60 किमी अंतराल में आने वाले टोल से वसूली नहीं की जाएगी। लेकिन अफसोस वह योजना सिरे नहीं चढ़ पाई। कम दूरी वाले किसी टोल को बंद नहीं किया गया, आज भी टोल्स पर वसूली बदस्तूर जारी है।

'टोल टैक्स' पर आए दिन घटित होती नाना प्रकार की सामान्य-असामान्य घटनाओं को ध्यान में रखते हुए आखिरकार केंद्र सरकार ने एक दफे फिर पुरानी टोल्स नीतियों में बदलाव करते हुए नए फास्टैग नियम लागू करने का ऐलान किया है। बदले नियमों को केंद्र सरकार ने 'सुपरफास्ट फास्टैग' बताया है। हालांकि, ये नवीनतम योजना दो महीने बाद यानी आगामी 15 अगस्त से देशभर में अमल आएगी। इसके संबंध में मोटी-मोटी सूचनाएं विभागीय मंत्री नितिन गडकरी ने बीते गुरुवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिए देशवासियों से साक्षा की। नई नियमों को लेकर लोगों के जेहन में सिर्फ दो सवाल प्रमुखता से उठ रहे हैं। अव्वल, क्या अब टोल टैक्स पर लगने वाली लंबी-लंबी कतारें कम होंगी। वहीं दूसरा, क्या इससे वाहन चालकों को थोड़ी बहुत रियारत मिल पाएगी?

गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी मंत्री नितिन गडकरी ने एक ऐलान किया था कि 60 किमी अंतराल में आने वाले टोल से वसूली नहीं की जाएगी। लेकिन अफसोस वह योजना सिरे नहीं चढ़ पाई। कम दूरी वाले किसी टोल को बंद नहीं किया गया, आज भी टोल्स पर वसूली बदस्तूर जारी है। ज्यादातर पुराने टोल की दूरी 60 किमी से काफी कम हैं। 30-40 किमी की दूरी में ही बने हैं। विगत सालों पहले सरकार ने टोल से नगद वसूली के नियमों को बदलकर जब से फास्टैग योजना को लागू किया था, तब से उसकी आमदनी में चार चांद लग गए। दरअसल, फास्टैग एक इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली है, जिसे एनएचएआई लीड करती है। फास्टैग से टोल वसूली का पैसा धीरे सरकार के खजाने में जाता है। फास्टैग रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन तकनीक से उपयोग होती है, जिससे ग्राहक टोल भुगतान सीधे प्रीपेड या बचत खाते से आसानी से करते हैं। वित्तीय वर्ष-2024 में भारत भर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल संग्रह राजस्व का मूल्य 648 बिलियन भारतीय रुपए से अधिक रहा। यही कारण है कि सरकार इस सब्जेक्ट को इतनी गंभीरता से लेकर चल रही है। सरकार का मकसद है कि नए नियमों का फायदा ग्राहकों को भी हो और उनकी आमदनी में भी इजाफा हो?

केंद्र सरकार राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम-1956 और शुल्क नियम-2008 के तहत टोल प्लाजा के माध्यम से शुल्क वसूलती है। नियमों में बदलाव पहले भी कई मर्तबा किए गए। पर, बीते एकाध दशक से टोल वसूली में बेहताशा इजाफा हुआ। जिसे कम करने का आमजन का भारी दबाव सरकार पर है। आम लोगों को मिलने वाली किफायत की जहां तक बात है, तो नई पॉलिसी फिलहाल निजी वाहनों पर लागू होगी। तीन हजार रुपए का वैध वार्षिक पास बनवाने के बाद ग्राहक साल भर की अवधि में 200 टोल टैक्स क्रॉस कर सकेंगे। ये पास मौजूदा फास्टैग में ही संचालित होगा, नया बनवाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।




हालांकि, इसमें पेंच एक फंसाया गया है। योजना सिर्फ भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों में प्रयोग होगी। राज्य स्तरीय मार्गों-सड़कों, निकाय और नगर निगम की अधिकृत सड़कों को इससे नहीं जोड़ा गया है। योजना से ग्राहकों को जो फायदा होगा, वह ये है कि अभी तक अमूमन प्रत्येक एनएचएआई टोल टैक्स पर भुगतान करने की कीमत 50 रु से लेकर 200 रुपए के बीच होती है। लेकिन 3 हजारी वैध पास के बाद मात्र 15 रूपए ही प्रत्येक टोल पर वसूले जाएंगे। ये फायदा निजी वाहन चालकों को सीधे तौर होगा।

योजना की एक अच्छी बात ये है। चालक अगर साल में 200 टोल्स को क्रॉस नहीं करता है, तो उसकी वैधता अगले वर्ष भी जारी रहेगी। राष्ट्रीय राजमार्गों पर रोजाना और नियमित चलने वालों के लिए 'सुपरफास्ट फास्टैग' योजना निश्चित रूप से कारगर साबित होने वाली है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय पर बीते कुछ वर्षों से टोल प्लाजा पर ट्रैफिक को कम करने का भारी प्रेसर पड़ा है। प्रत्येक दिन कहीं न कहीं मारपीट की घटनाएं रिपोर्ट होती रही हैं। इन सभी से छुटकारा पाने के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इस योजना को लागू किया। भारत में राष्ट्रीय राजमार्गों का विशाल नेटवर्क बिछ चुका है। वर्ष-2014 तक राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई 91,287 किलोमीटर थी, जो अब बढ़कर 1,46,195 किलोमीटर हो चुकी है।

अगले 10 सालों में राजमार्गों की लंबाई डेढ़ गुनी तक बढ़ने की संभावनाएं हैं और उसमें नए टोल भी जुड़ेंगे। इसलिए सरकार के लिए ये क्षेत्र कमाई का बड़ा जरिया बन गया है। सरकार को नेशनल हाईवे से प्रति वर्ष पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत चलने वाले टोल बूथों पर टैक्स के तौर पर 1.44 लाख करोड़ रुपये की कमाई हो रही है। इस आंकड़े को पिछले वर्ष का खुद नितिन गडकरी ने संसद में प्रस्तुत किया था। देश में सड़कां का जिस युद्धस्तर पर जाल बिछ रहा है, उससे प्रतीत होता है भविष्य में यह क्षेत्र सरकार की कमाई का सबसे बड़ा जरिया बनेगा।

आंकड़ों के मुताबिक हिंदुस्तान में करीब 1,063 टोल प्लाजा हैं जिनमें 457 टोल प्लाजा का निर्माण वर्ष 2025 में किया गया। टोल नीति केंद्र सरकार की वह इकाई है जो सबसे बड़ी कमाउ है। नई 'सुपरफास्ट फास्टैग' नीति से भी उसे ढेरों उम्मीदें हैं। टोल पॉलिसी को केंद्र सरकार राजस्व वसूली का सबसे बड़ा जनरेटर मानती ही है, तभी इसमें नित नए नियमों को जोड़ती चली जा रही है। मात्र दिल्ली-मुंबई मार्ग पर एनएच-48 के वडोदरा-भरूच खंड पर स्थित टोल प्लाजा ने पिछले 5 पांच सालों में 400 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाकर दिए हैं।

सहकार ग्रुप लिमिटेड (एसजीएल) भारत में सड़कों के टोल संग्रह में सबसे बड़ी कंपनियों में से एक है। टोल से कमाई के आंकड़ों पर अगर नजर डालें, तो 2018-19 में 25,154.76 करोड़ रुपए, 2019-20 में 27,637.64 करोड़ रुपए, 2020-21 में 27,923.80 करोड़ रुपए, 2021-22 में 33,907.72 करोड़ रुपए और 2022-23 में 48,028.22 करोड़ रुपए अर्जित किए। कमाई बढ़े अच्छी बात है, पर सड़कों की सुरक्षाओं को लेकर वाहन चालकों के प्रति जो चिंताएं हैं वह भी कम होनी चाहिए। सरकार को सुविधाओं पर भी ध्यान देना होगा। निर्बाध और सुगम सड़क यात्राओं की इच्छाएं सभी में हैं। (लेखक सदस्य, राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान (एनआईपीसीसीडी).भारत सरकार! (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# आपातकाल के विरूद्ध संघर्ष में सबसे आगे रहे संघ के स्वयंसेवक

(बृजनन्दन राजू )

लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने रामलीला मैदान पर विशाल जनसमूह के सम्मुख 25 जून, 1975 को कहा, सब विरोधी पक्षों को देश के हित के लिए एकजुट हो जाना चाहिए अन्यथा यहाँ तानाशाही स्थापित होगी और जनता दुखी हो जायेगी। 12 जून 1975 को इंदिरा गांधी के रायबरेली से निर्वाचन को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया। कोर्ट के इस फैसले से इंदिरा गांधी तिलमिला उठी। जब प्रधानमंत्री ने अपनी सदस्यता खो दी है तो उन्हें नैतिक अधिकार नहीं है देश की सत्ता में बने रहने का। छात्र और युवा आंदोलित हो उठे। इंदिरा गांधी के विरूद्ध देशभर में प्रदर्शन होने लगे। कांग्रेस ने 20 जून, 1975 के दिन एक विशाल रैली का आयोजन किया। इस रैली में देवकांतबरुआ ने कहा, इंदिरा तेरी सुबह की जय, तेरी शाम की जय, तेरे काम की जय, तेरे नाम की जय। इसी जनसभा में अपने भाषण के दौरान इंदिरा गांधी ने घोषणा की कि वह प्रधानमंत्री पद से त्यागपत्र नहीं देंगी। लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने रामलीला मैदान पर विशाल जनसमूह के सम्मुख 25 जून, 1975 को कहा, सब विरोधी पक्षों को देश के हित के लिए एकजुट हो जाना चाहिए अन्यथा यहाँ तानाशाही स्थापित होगी और जनता दुखी हो जायेगी। लोक संघर्ष समिति के सचिव नानाजी देशमुख ने घोषणा कर दी, इंदिरा गांधी के त्यागपत्र की मांग लेकर गाँव-गाँव में सभाएं की जायेंगी और राष्ट्रपति के निवास स्थान के सामने 29 जून से प्रतिदिन सत्याग्रह होगा। उसी संध्या को जब रामलीला मैदान की विशाल जनसभा से हजारों लोग लौट रहे थे, तब प्रत्येक धूलिकण से मानो यही मांग उठ रही थी कि प्रधानमंत्री त्यागपत्र दें और वास्तविक गणतंत्र की परम्परा का पालन करें। 25 जून 1975 की रात्रि को देश पर आपातकाल थोप दिया गया। पूरा देश स्तब्ध रह गया। भारत के चिरपोषित राजनीतिक मूल्यों पर संकट छा गया। नागरिक अधिकारों का गला घोंट दिया गया। मीडिया पर सेंसरशिप लगा दी गयी। न्यायालयों को निरर्थक बना दिया गया था। दिल्ली में नेताओं की धरपकड़ तेज हो गयी। विपक्ष के बड़े नेताओं में चाहे मोरारजी देसाई रहे हों, चौधरी चरण सिंह, अटल बिहारी बाजपेई और लालकृष्ण आडवाणी को रातोंरात पकड़कर जेल में डाल दिया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्कालीन सरसंघचालक बाला साहब देवरस को 30 जून को नागपुर स्टेशन पर बंदी बना कर यरवदा जेल ले जाया गया। यरवदा जेल में पूज्य बाला साहब देवरस के साथ 500 संघचालक, कार्यवाह और कार्यकर्ता बंद थे। बाला साहब देवरस ने अपनी गिरफ्तारी के पूर्व ही आह्वान किया, इस असाधारण परिस्थिति में स्वयंसेवकों का दायित्व है कि वे अपना संतुलन न खोएं। संघ पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। जैसे-जैसे समय बीतता गया शासन प्रशासन का कहर जनता पर बढ़ता गया। आपातकाल के दौरान सरकारी संचार माध्यमों का भी खूब दुरुपयोग किया गया। आल इंडिया रेडियो को इन्दिरा गांधी के भाषणों को प्रसारित करने के आदेश दिये गए।

सभी प्रकार की संचार व्यवस्था, यथा-समाचार-पत्र-पत्रिकाओं, मंच, डाक सेवा और निर्वाचित विधान मंडलो को ठप्प कर दिया गया। प्रश्न था इसी स्थिति में जन आंदोलन को कौन संगठित करे? अंततः



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने आपातकाल के विरूद्ध बिगुल फूंका। सारे समाज में आपातकाल के विरूद्ध वातावरण बनाने में संघ के कार्यकर्ताओं ने कष्ट सहकर बड़ी बुद्धिमत्ता और धैय से काम लिया। संघ का देश भर में शाखाओं का अपना जाल था और वही इस भूमिका को निभा सकता था। संघ प्रारम्भ से ही जन संपर्क के लिए वह प्रेस अथवा मंच पर कभी भी निर्भर नहीं रहा। अतः संचार माध्यमों को ठप्प करने का प्रभाव अन्य दलों पर तो पड़ा, पर संघ पर उसका रंचमात्र भी प्रभाव नहीं पड़ा। अखिल भारतीय स्तर के उसके केन्द्रीय निर्णय, प्रांत, विभाग, जिला और तहसील के स्तरों से होते हुए गाँव तक पहुंच जाते हैं। जब आपातकाल की घोषणा हुई उस बीच संघ की यह संचार व्यवस्था सुचारु ढ़ंग से चली। भूमिगत आंदोलन के ताने-बाने के लिए संघ कार्यकर्ताओं के घर महानतम वरदान सिद्ध हुए और इसके कारण ही गुप्तचर अधिकारी भूमिगत कार्यकर्ताओं के ठौर ठिकाने का पता नहीं लगा सके। आपातकाल के समय भूमिगत रहते हुए रज्जू भैया,डा.आबाजी थत्ते,बाला साहब भिड़े, चमनलाल जी, ए रामभाऊ गोडबोले, सुंदर सिंह भण्डारी, ओम प्रकाश त्यागी, जगन्नाथ राव जोशी, दादा साहब आपटे और बापू राव मोघे जैसे संघ के अनेक वरिष्ठ प्रचारकों ने जनता का मनोबल बनाए रखने के लिए देशभर में प्रवास किया। आपातकाल विरोधी संघर्ष में 1 लाख से भी ज्यादा स्वयंसेवक सत्याग्रह कर जेल गये। आपातकाल के दौरान सत्याग्रह करने वाले कुल 1,30,000 सत्याग्रहियों में से एक लाख से अधिक सत्याग्रही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के थे। मीसा के अधीन जो 30,000 लोग बंदी बनाए गए, उनमें से 25000 से अधिक संघ के स्वयंसेवक थे। जबकि सत्याग्रह और जेल भरने का अनुभव का दावा करने वाली संस्था कांग्रेस 'ओ' और समाजवादी दल के ज्यादा लोग नहीं जा पाये। संघ के बाद अकाली दल की संख्या थी करीब 12 से 13 हजार थी। बाबा जयगुरूदेव भी मात्र तीन से चार हजार लोग को ही जेल भेज सके। सोशलिस्ट पार्टी के नेताओं की संख्या बहुत सीमित थी, फिर भी अक्सर आपस में झगड़ते रहते थे। संघ के कार्यकर्ता जेलों में बड़े आनंद के साथ घुलमिलकर रहते थे। सभी जेलों में नियमित रूप से सुबह और शाम को संघ की शाखा लगती थी। उसमें शारीरिक और बौद्धिक के कार्यक्रम होते थे। आपातकाल विरोधी संघर्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 कार्यकर्ता अधिकांशतः बंदीग्रहों और कुछ बाहर आपातकाल के दौरान बलिदान हुए। अच्युतपटवर्धन ने लिखा है, मुझे यह जानकार प्रसन्नता हुई कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता राजनीतिक प्रतिरोध करनेवाले किसी भी अन्य समूह के साथ मिलकर, उत्साह और निष्ठा के साथ कार्य करने के लिए, तथा घोर दमन और झूठ का सहारा लेने वाले पैशाचिक शासन का जो कोई भी विरोध कर रहे हों, उनके साथ खुल कर सहयोग करने और साथ देने के लिए तैयार थे।

## वर्ग पहेली 5773

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | | 3 | 4 | ■ | 5 |
| 6 | | ■ | ■ | 7 | | 8 | |
| 9 | | 10 | ■ | 11 | | | |
| ■ | 12 | | | ■ | ■ | | ■ |
| 13 | | | ■ | 14 | 15 | | ■ |
| | ■ | | ■ | 16 | | ■ | 17 |
| 18 | 19 | | 20 | | ■ | 21 | |
| 22 | | ■ | 23 | | | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1980 में इस महान पार्श्वगायक का निधन हुआ था (6)
6. बर्फ, नीहार, मिहिका (2)
7. मर्मज्ञ, जो किसी का गुप्त भेद जानता हो (4)
9. ऊंची आवाज में बोली लगाकर माल बेचने का ढंग (3)
11. भय या शर्म के कारण कांप उठना (4)
12. शक, संदेह, भ्रम (3)
13. असधन, अनुपम (3)
14. तलहटी, भिक्षा झोली, आंचल, पल्ला (3)
16. महिला ईसाई पादरी को यह कहा जाता है (2)
18. भारत की प्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना जिसे रवीन्द्रनाथ टैगोर ने नृत्य साम्राज्ञी कहकर संबोधित किया था (5)
21. 332 द्वीपों वाले फिजी देश की राजधानी यह है (2)
22. वह वाद्य जिसमें तार लगे हो (2)
23. वर देने वाला, अभीष्ट दायक, वरदायक, वरप्रद (4)

**ऊपर से नीचे**

1. भगवान विष्णु का एक रूप (3)
2. आक्रमण करने वाला, आक्रमणकारी (5)
3. पुस्तक पठन आधार (3)
4. यह शरीर की सबसे बड़ी हड्डी है (3)
5. घोर ध्वरि करना, दहाड़ना, घनकना (3)
8. यह भारत का सीमावर्ती राज्य है इसकी पश्चिमी सीमा और उत्तर पश्चिमी सीमा पाकिस्तानी सीमा के साथ मिली हुई है (4)
10. जनान खाना को यह भी कहते है (5)
13. उन्नत, वर्धकाय, प्रफुल्ल (4)
14. पुराणानुसार कर्ण अधिक दान के कारण इस उपाधि से विभूषित थे (4)
15. हृदय, दिल, चित (2)
17. यह इंडोनेशिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला द्वीप है (2)
19. पिता, पैदा करने वाला, पूज्य व्यक्ति (2)
20. देवता, सुर, ईश्वर (2)
21. पुत्री, बेटी (2)

**वर्ग पहेली 5772 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | मा | कि | न | ■ | सिं | ड | र |
| ह | म | ला | ■ | ■ | हा | ल | त |
| त | ला | ■ | त | म | स | ■ | ना |
| ई | ■ | पा | ■ | आ | न | व | र |
| दौ | र | ■ | ना | क | ■ | ज़ू | ■ |
| शि | ति | ■ | द | र | ब | द | र |
| ■ | प | र | ना | ना | ■ | ■ | बा |
| का | ति | ब | ■ | ■ | श | बा | ब |

# 56 इंची योगासन

(रमेश जोशी)

दो दिन बारिश हुई तो मौसम ठीक हो गया था लेकिन कल दोपहर बाद तेज धूप निकली तो सब कुछ बराबर। फिर वही गरमी और साथ में उमस भी। रही सही कसर रात को कोई चार बजे जाकर लाइट ने पूरी कर दी। अब ऐसे में कोई क्या सो ले। हमारा घर लब-ए-सड़क है सो शोर और रौनक बनी रहती है लेकिन यह आवाज कुछ और ही तरह की थी-झाड़ू लगाने की आवाज।कोई पाँच बजे होंगे। इतनी जल्दी नगर परिषद के ठेकेदार के आदमियों का सफाई के लिए आना संभव नहीं। आ तो वे आधी रात को भी सकते हैं बशर्ते किसी मंत्री या महामानव का रोड़ शो हो। जिज्ञासा हुई, उठकर बाहर गए तो देखा कोई मानवाकृति सड़क के बीचों बीच दरी पट्टी बिछाकर लेटने का उपक्रम कर रही है। यह कृत्य तो स्पष्ट रूप से आत्महत्या की तैयारी है। हमने उस आकृति को झट से पकड़ कर उठाया। स्ट्रीट लाइट की तरफ चेहरा घुमाकर देखा तो तोताराम !

यह क्या बेवकूफी है ?क्या मरने का इरादा है। सब्जी मंडी में ले जा रहा कोई मोटर साइकिल वाला टाँगें कुचल जाएगा और अगर किसी ट्रेक्टर के नीची आ गया तो शक्ल भी नहीं पहचानी जाएगी। खुरच खुरच कर उठाना पड़ेगा। मरना ही है तो पहलगाँव घूमने चला जा या अमित शाह के अहमदाबाद से लंदन की एयर इंडिया की फ्लाइट पकड़।कुछ मुआवजा और पब्लिसिटी तो मिलेगी। यहाँ मरकर हमें क्यों पुलिस के चक्कर में फँसाता है ? बोला- मास्टर, तुझे पता होना चाहिये आज विश्व योग उर्फ योगा दिवस है मोदी जी द्वारा भारतीय संस्कृति को वैश्विक बनाने के उपक्रम का दिन। रोजाना कुछ भी करो, योग करो ना करो लेकिन दिवस पर ऊटपटाँग तरीके से किए गए नाटकों को मीडिया में अधिक चर्चा मिलती है इसलिए मैंने यह योग करने का रोमांचक स्थान चुना है।

हमने कहा- रोमांच वोमांच सब धरा रह जाएगा जब पुलिस आत्महत्या की कोशिश के केस में पकड़ ले जाएगी। यह भी कोई स्थान है योग करने का ? बोला- कोई भी स्थान किसी भी काम को करने के लिए हो सकता है। यह सब करने वाले की क्षमता और समझ पर निर्भर करता है। रात में हाइवे पर सत्ताधारी दल के एक माननीय ने सी सी टीवी कैमरे के सामने जो किया वह क्या था ? क्या वह स्थान उचित था ? हमने कहा- खैर छोड़, हमें ऐसे लोगों से क्या लेना देना। कुछ माननीय सांसद लोग तो नए संसद भवन के उद्घाटन सत्र में भी अपने साथी माननीय को कटुए, मुल्ले, आतंकवादी बुलाने लग जाते हैं तो क्या हम ऐसे लोगों का अनुसरण करें ? चल अंदर। हो गया योग। अगर ज्यादा की उचंग चढ़ी है तो बरामदे में बिछा ले दरी। हमारा कहना मानकर तोताराम बरामदे में आ गया और लेटकर तरह तरह से शरीर को तोड़ने-मरोड़ने लगा।

**हमने कहा- यह क्या है ?**


बोला- ये आलिया भट्ट, सचिन तेंडुलकर, करिश्मा कपूर जैसे सेलेब्रिटीज के कपोतासन, वीरभद्रासन, चक्रासन आदि योगासन हैं।

# आज का राशिफल



### मेष

आज लाभ का दिन है और आपकी प्रगति के संकेत मिल रहे हैं। वित्तीय योजनाओं में लाभ होने के संकेत हैं। कोई महत्वपूर्ण व्यवसायिक डील फाइनल होने की पूरी संभावना है, जिससे आपके लाभ में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। आयात-निर्यात से जुड़े जातकों को आकस्मिक धन लाभ हो सकता है।



### वृष

आज आर्थिक मामलों में लाभ का दिन है। आप नई योजनाओं में निवेश करने की इच्छा रख सकते हैं, विशेषकर अगर वह धार्मिक स्थलों, टूरिज्म या फैमिली बिजनेस से जुड़ी हो। दिन के पहले भाग में थोड़ा दबाव रहेगा, लेकिन जैसे-जैसे दिन बढ़ेगा, वित्तीय स्थिरता और निवेश की सफलता मिलेगी।



### मिथुन

आज लाभ होगा और आपकी रचनात्मकता और बौद्धिक कौशल में विकास के योग बन रहे हैं। दिन आपको एक नई दिशा में ले जा सकते हैं। मीडिया, डिजाइन, लेखन, या परामर्श जैसे क्षेत्रों में नया काम या असाइनमेंट मिलने की संभावना है।



### कर्क

आज लाभ के योग हैं और आपके लिए ग्रहों की अनुकूल स्थिति से आपको बड़ा लाभ होने की उम्?मीद है। आपको अचानक धन लाभ की सूचना मिल सकती है, जैसे बकाया भुगतान या रुका हुआ बिल। कार्यक्षेत्र में नई डील या अनुबंध की संभावनाएं प्रबल हैं।



### सिंह

आज भाग्य साथ दे रहा है और राजनीति, प्रशासन, शिक्षा और धर्म से जुड़े व्यक्तियों के लिए दिन लाभकारी रहेगा। नौकरी में ट्रांसफर या प्रमोशन की सूचना मिल सकती है। हालांकि ऑफिस में कुछ वरिष्ठ आपको दबाने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन आपका आत्मविश्वास आपको उबार लेगा।



### कन्या

आज किस्मत साथ दे रही है और आप व्यवसायिक वार्तालाप या मीटिंग्स में सफलता प्राप्त करेंगे। विदेशी कंपनियों या क्लाइंट्स के साथ नए अनुबंध हो सकते हैं। फ्रीलांसर या घर से काम करने वाले लोगों को खास लाभ होगा। अच्छे ग्राहक मिलेंगे।



### तुला

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी। दिन व्यवसायिक रूप से अत्यंत लाभप्रद रहेगा। साझेदारी में चल रहा व्यापार आपको उम्मीद से अधिक मुनाफा दे सकता है। यदि आप स्टार्टअप या टेक क्षेत्र से जुड़े हैं, तो निवेश का अवसर हाथ लग सकता है।



### वृश्चिक

आज रुपये-पैसे के मामले में बड़ा लाभ होगा। आपका आर्थिक पक्ष सुदृढ़ रहेगा। दिनभर में आपको एक से अधिक धनलाभ के अवसर प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार या नौकरी में नई रणनीति अपनाकर आप दूसरों से आगे निकल सकते हैं।



### धनु

आज दिन लाभ और सफलता से भरा होगा। आप किसी नई व्यावसायिक रणनीति पर कार्य कर सकते हैं। दोपहर के बाद अचानक कोई बड़ा ऑर्डर या क्लाइंट मिलने की संभावना है। व्यापार में निवेश करने से पहले वित्तीय स्थिति का पूरा मूल्यांकन करें। कोई करीबी व्यक्ति आपसे धन उधार मांग सकता है।



### मकर

आज दिन आर्थिक दृष्टि से स्थिरता और समृद्धि का है। व्यवसाय में नया मोड़ या नई दिशा में परिवर्तन का समय आ चुका है। यदि आप नौकरी में हैं तो प्रमोशन या वेतनवृद्धि से जुड़ा संवाद हो सकता है। साझेदारी में व्यापार करने वाले लोगों को लेनदेन में स्पष्टता रखनी चाहिए।



### कुंभ

आज दिन सावधानी से बिताने की सलाह है। स्वास्थ्य के साथ-साथ आज आपको धन और संपत्ति संबंधी मामलों में अत्यधिक सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। किसी प्रॉपर्टी डील या निवेश में जल्दबाजी बिल्कुल न करें। कार्यक्षेत्र में कोई प्रॉजेक्ट किसी कारण से काफी लेट हो सकता है।



### मीन

आज व्यवसाय में दिन बड़ा मोड़ ला सकता है। यदि आप क्रिएटिव, डिज़ाइन, कंसल्टिंग या टेक स्टार्टअप से जुड़े हैं, तो कोई नई साझेदारी या निवेश प्रस्ताव मिल सकता है। आर्थिक रूप से किसी संकट में फंसे व्यक्ति की सहायता करने से मानसिक संतोष मिलेगा और आकस्मिक पुण्य फल भी मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### रायपुर में मेरठ के नीले ड्रम जैसा हत्याकांड, सूटकेस में मिली लाश, पुलिस अफसर के बहु-बेटे गिरफ्तार



**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से बेहरमी से हत्या करके उसे छिपाने का मामला सामने आया था। धारदार हथियार से पहले गला काटा, फिर सूटकेस में भरकर सीमेंट का मोटा प्लास्टर लगाकर बंद कर दिया। उत्तर प्रदेश के मेरठ जैसी वारदात के घटने से इलाके में सनसनी मची हुई है। इस मामले में रिटायर्ड पुलिस अफसर के बेटे और बहु को गिरफ्तार किया है। सूत्रों के हवाले से ये जानकारी सामने आई है कि पैसे के लेन-देन के चलते युवक की हत्या की गई है।

रायपुर के डीडी नगर थाने में सोमवार को एक युवक की स्टील के ट्रंक के अंदर सूटकेश में लाश मिली थी। ट्रंक में शव के साथ सीमेंट भी भरा था, जिसे सूनसान इलाके में फेंक दिया गया था। संदिग्ध सूटकेस के मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है। शुरुआती जानकारी में शव के लगभग 3 से 4 दिन पुराना होने की बात सामने आई। संदिग्ध लाश मिलने के बाद छानबीन तेज हुई तो पुलिस टीम के अफसरों ने आरोपियों को ढूंढ निकाला। उनकी गिरफ्तारी दिल्ली में होने की बातें सामने आई है।

पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान रायपुर निवासी के रूप में हुई है। इस मामले में रिटायर्ड पुलिस अफसर के बेटे और बहु को गिरफ्तार किया है। ट्रंक खरीदने गए महिला - पुरुष का वीडियो फुटेज भी पुलिस के हाथ लगा है। हत्या में इस्तेमाल की गई कार को भी पुलिस ने जब्त किया है। फिलहाल पुलिस इस मामले में ज्यादा कुछ साझा करने से बच रही है। पुलिस अफसर जल्द ही पूरे मामले का खुलासा करने की बात कह रहे हैं।

एएसपी दौलतराम पोर्ते ने बताया कि रायपुर के डीडी नगर थाना क्षेत्र के बाहरी इलाके में लाश को ट्रॉली बैग में डालकर उस पर सीमेंट डाल दी गई था। पुलिस को इसकी जानकारी मिली तो मामले की जांच के लिए फोरेंसिक और पुलिस टीम को बुलाया गया। एएसपी ने बताया कि चूंकि शव सड़ने लगा था, इसके चलते उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं पुलिस सूत्रों के मुताबिक हत्यारों का सुराग तलाशने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी खंगाले गए, जिससे आरोपियों तक पुलिस पहुंच गई।

बता दें कि कुछ महीने पहले उत्तर प्रदेश के मेरठ में भी अवैध संबंध में पड़ी एक पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर मर्चेंट नेवी अफसर अपने पति की हत्या कर दी थी। इसके बाद उसकी लाश को एक नीले ड्रम में डालकर उसे सीमेंट से भर दिया था। रायपुर में भी ऐसा ही किया गया है।

### अल्पसंख्यक कॉलेजों में नहीं मिलेगा आरक्षण का लाभ, महाराष्ट्र में जल्द जारी होगी पहली मेरिट लिस्ट



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र सरकार द्वारा सोमवार को एक सरकारी निर्णय जारी कर यह स्पष्ट कर दिया गया है कि एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण अल्पसंख्यक कॉलेजों पर लागू नहीं होगा। हालांकि, कई कॉलेज अब भी बदले हुए सीट मैट्रिक्स के अनुसार दाखिला ले रहे हैं। इससे 11वीं कक्षा की पहली मेरिट सूची गुरुवार को जारी होने पर संशय बन गया है। सूत्रों के अनुसार, सोमवार के आदेश के बाद कई अल्पसंख्यक कॉलेजों ने मंगलवार को छात्रों को दोबारा बुलाया और उनसे नए आवेदन भरवाए गए। उन पर ताजा तारीख (मंगलवार) लिखवाई गई और उनसे शुक्रवार तक फीस जमा करने को कहा गया।

इस साल 10वीं की परीक्षा जल्दी हुई और 13 मई को ही परिणाम घोषित कर दिए गए, जिससे छात्रों को पहले दाखिले की उम्मीद थी। लेकिन उसके बाद सरकार ने पहले नया केंद्रीकृत प्रवेश प्रणाली लागू करने की कोशिश की और फिर अल्पसंख्यक संस्थानों में आरक्षण लागू करने की योजना बनाई, जिससे पूरी प्रक्रिया में विलंब हो गया।

मेरिट लिस्ट की तारीख पर स्थिति स्पष्ट नहीं

एडमिशन सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ÷हम देख रहे हैं कि क्या गुरुवार को पहली मेरिट सूची घोषित की जा सकती है। हम बुधवार को सभी जानकारियां एकत्र कर अंतिम निर्णय लेंगे कि सूची गुरुवार को जारी हो पाएगी या छात्रों को और समय देना पड़ेगा।÷ बदले हुए नियमों और बार-बार की गई प्रक्रियागत फेरबदल ने छात्रों और अभिभावकों में भ्रम और चिंता पैदा कर दी है। कई अभिभावकों ने शिकायत की है कि अल्पसंख्यक कॉलेजों में अब भी पहले आरक्षण के आधार पर सीटें भरने की प्रक्रिया चल रही है, जो सोमवार के जीआर के अनुसार न्यायसंगत नहीं है।

# अयोध्या में पहली बार सावन में आएगी ऐसी घड़ी, राममंदिर में माता सीता संग झूला झूलेंगे श्रीराम

**अयोध्या, एजेंसी।** रामनगरी में इस बार झूलनोत्सव विशेष होगा। पांच सौ साल की प्रतीक्षा के बाद राम मंदिर में एक तरफ रामलला विराजमान हुए। राजा राम के पदार्पण के बाद पहला सावन आ रहा है जब युगल सरकार के रूप में राजा राम देवी मां सीता के संग झूले पर विराजित होकर झूलेंगे। मंदिर निर्माण प्रभारी गोपाल राव कहते हैं कि निश्चित रूप से यह बहुत बड़ा दिन होगा लेकिन निर्माण कार्यों की अस्त-व्यस्त स्थिति में आयोजन को वृहत्तर बनाना संभव नहीं होगा। फिलहाल उत्सव को पूरी भव्यता से मनाया जाएगा। इसके लिए रत्न जड़ित स्वर्ण झूले के निर्माण कराया जाएगा।

बताया गया कि रामलला और उनके अनुजों के लिए रत्न जड़ित झूला पहले बनवाया गया था लेकिन अब उनके लिए भी नये झूले का निर्माण होगा। इस विषय में काम चल रहा है और समय आने पर उत्सव की भव्यता दिखाई देगी। फिलहाल अभी कुछ बताना जल्दबाजी होगी। सावन माह में झूलनोत्सव अयोध्या धाम का वह सांस्कृतिक उत्सव है जहां अध्यात्म के साथ गीत-संगीत की त्रिवेणी प्रवाहमान होती है। इस उत्सव को लेकर अलग-अलग मंदिरों की अलग-अलग आचार्य परम्परा है जिसके अनुसार आयोजन किया जाता है। यह उत्सव कहीं पूरे महीने चलता है तो अधिकांश में सावन शुक्ल तृतीया से पूर्णिमा यानी 13 दिनों तक चलता है। इसके अलावा बाकी मंदिरों में एकादशी से पूर्णिमा तक पांच दिनों का उत्सव होता है। राम मंदिर में पांच दिनों के



उत्सव की परम्परा चली आ रही है। जनवरी 1993 से यह परम्परा कायम है।

### भवन निर्माण समिति की बैठक 27 से होगी

राम मंदिर निर्माण की प्रगति की समीक्षा के लिए हर पखवाड़े होने वाली भवन-निर्माण समिति की तीन दिवसीय बैठक 27 जून से होगी। इस बैठक के लिए समिति चेयरमैन नृपेन्द्र मिश्र 26 जून को यहां पहुंचेंगे। राम मंदिर परियोजना से सम्बन्धित अधिकांश कामों को अक्तूबर -नवम्बर तक पूरा कराने का लक्ष्य है। इसमें परकोटा से सबसे प्रमुख है।

### मणि पर्वत के झूलनोत्सव से मंदिरों में होती है उत्सव

राम नगरी झूलनोत्सव की शुरुआत मणि पर्वत के उत्सव से होती है। सावन शुक्ल तृतीया तिथि को यहां विभिन्न मंदिरों से भगवान के श्रीविग्रह व स्वरूपों को लाकर झूले पर बैठाया जाता है और फिर मधुर उपासना परम्परा के आचार्यों के द्वारा रचित पदों का गायन होता है। यह युगल सरकार अर्थात भगवान श्रीसीताराम के स्मृति का पर्व है। सैकड़ों सालों से कायम परम्परा संतों के उस श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक है जिसके पांच सौ सालों की प्रतीक्षा का अंत हो सका। तीर्थ क्षेत्र की धार्मिक न्यास समिति के सदस्य व हनुमत निवास महंत मिथिलेश नंदिनी शरण कहते हैं कि सत संकल्प की पूर्ति अवश्य होती है।

### 11 सौ नित्य दर्शनार्थियों ने किया राम दरबार का दर्शन

श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से रामलीला के नित्य दर्शनार्थियों के लिए दो दिन का समय तय किया गया था जब सभी नित्य दर्शनार्थियों के लिए राम दरबार खोला गया। सभी नित्य दर्शनार्थियों ने बारी-बारी से राजा राम के चरणों में अपनी श्रद्धा निवेदित की। बताया गया कि नित्य दर्शनार्थियों की संख्या 11 सौ है। हालांकि यह संख्या दो हजार के ऊपर थी लेकिन नवीनीकरण के बाद इनकी संख्या घटकर 11 सौ रह गई है।

### बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ हाईकोर्ट ने लगाई फटकार, 10 लाख का मुआवजा, अधिकारी से वसूले जाएंगे 2 लाख



**भुवनेश्वर, एजेंसी।** उड़ीसा हाईकोर्ट ने बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए राज्य सरकार को 10 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। यह मुआवजा एक सामुदायिक केंद्र की संपत्ति को गैरकानूनी ढंग से गिराए जाने के मामले में दिया गया है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट निर्देश दिया कि इस मुआवजे में से 2 लाख रुपये संबंधित तहसीलदार की वेतन से वसूले जाएं जिन्होंने यह आदेश जारी किया था। हाईकोर्ट ने प्रशासनिक जवाबदेही तय करने के इरादे से तहसीलदार से वसूली का फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि यह कार्रवाई न्यायिक आदेशों की स्पष्ट अवहेलना थी और कार्यपालिका की शक्ति का दुरुपयोग दर्शाती है। कोर्ट ने इसे कार्यपालिका की मनमानी और कानून के शासन के खिलाफ बताया।

आपको बता दें कि बुलडोजर जस्टिस की व्यापक पैमाने पर शुरुआत उत्तर प्रदेश से हुई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने कई अपराधियों के घर पर बुलडोजर चलवाए। हालांकि उनकी सरकार को सुप्रीम कोर्ट से फटकार का सामना भी करना पड़ा, लेकिन आज भी उत्तर प्रदेश में यह ऐक्शन जारी है। उत्तर प्रदेश के बाद मध्य प्रदेश में भी बड़े पैमाने पर ऐसी कार्रवाई देखने को मिली थी। इसके बाद और भी कई राज्यों में संगान अपराध में नाम आने पर अपराधियों के घरों पर बुलडोजर चलाए गए।

### चंडीगढ़ महापौर चुनाव में नहीं होगा गुप्त मतदान, अब पार्षद ऐसे डालेंगे वोट

**चंडीगढ़, एजेंसी।** चंडीगढ़ नगर निगम के महापौर, वरिष्ठ उप महापौर और उप महापौर के पदों के लिए चुनाव अब गुप्त मतदान के जरिये नहीं होगा बल्कि पार्षद हाथ उठाकर अपना मत पसंदीदा उम्मीदवार के पक्ष में देंगे। पंजाब के राज्यपाल एवं केंद्र



शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने मंगलवार को चंडीगढ़ नगर निगम (कार्य-प्रक्रिया एवं संचालन) विनियम, 1996 में संशोधन को मंजूरी दी। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, इस संशोधन के साथ, महापौर, वरिष्ठ उप महापौर और उप महापौर का चुनाव अब पहले की गुप्त मतदान पद्धति के स्थान पर हाथ उठाकर किया जाएगा। कटारिया ने कहा कि नई प्रणाली से चुनाव प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता आएगी तथा निर्वाचित प्रतिनिधियों की भूमिका स्पष्ट होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस बदलाव से नगर निगम की कार्यप्रणाली और प्रशासन में सुधार आएगा तथा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में विश्वास और मजबूत होगा। पिछले साल चंडीगढ़ महापौर चुनाव के दौरान उस समय विवाद खड़ा हो गया था, जब तत्कालीन पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह द्वारा आम आदमी पार्टी (आप)-कांग्रेस के पक्ष में पड़े आठ मतों को अमान्य करार दिए जाने का वीडिया वायरल हो गया।

# शक्तिपीठ एक्सप्रेसवे: महाराष्ट्र में बनेगा देश का सबसे लंबा एक्सप्रेसवे, 8 घंटे और 800 किलोमीटर का सफर

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र सरकार ने मंगलवार को कैबिनेट मीटिंग के बाद शक्तिपीठ एक्सप्रेसवे के निर्माण का ऐलान किया। कैबिनेट मीटिंग में इस एक्सप्रेसवे को मंजूरी दी गई और इसके लिए 20 हजार करोड़ से ज्यादा के फंड को मंजूरी दी गई। यह एक्सप्रेसवे बेहद खास है क्योंकि किसी एक राज्य के अंदर ही बनने वाला देश का यह सबसे लंबा एक्सप्रेसवे होगा। इससे पहले मुंबई-नागपुर एक्सप्रेसवे और यूपी का प्रयाग एक्सप्रेसवे सबसे लंबे थे। इस एक्सप्रेसवे के माध्यम से नागपुर से सीधा गोवा पहुंचा जा सकेगा और यह कुल 805 किलोमीटर लंबा होगा। सरकार का प्लान है कि इस एक्सप्रेसवे का पूरा सफर 8 घंटे में तय हो सके। इस




तरह लोग 8 घंटे में ही 800 किलोमीटर का रास्ता तय कर लेंगे।

पूर्वी महाराष्ट्र से कोंकण और सीधे गोवा पहुंचाने वाला यह एक्सप्रेसवे 12 जिलों को जोड़ेगा। इससे महाराष्ट्र के विदर्भ समेत कई पिछड़े जिलों के विकास को गति मिलने की उम्मीद है। फिलहाल नागपुर से यदि सड़क मार्ग से आप गोवा जाना चाहते हैं तो 18 घंटे का वक्त लगता है, जो घटकर महज 8 घंटे रह जाएगा।

इस तरह 10 घंटों का वक्त यह एक्सप्रेसवे बचाएगा। इस एक्सप्रेसवे का नाम शक्तिपीठ इसलिए रखा गया है क्योंकि यह महालक्ष्मी, तुलजाभवानी और पत्रादेवी शक्तिपीठ को जोड़ेगा। इसके अलावा पंढरपुर, नांदेड़ और सेवाग्राम जैसे स्थानों को भी इससे जोड़ा जा सकेगा। सिखों का पवित्र तीर्थ स्थल तख्त सचखंड साहिब नांदेड़ में ही स्थित है।

यह एक्सप्रेसवे वर्धा के पावनार से शुरू होगा और उत्तर गोवा के पत्रादेवी में समाप्त होगा। इस एक्सप्रेसवे के बनने से महाराष्ट्र के ही कई जिले आपस में जुड़ेंगे तो वहीं मध्य भारत से भी गोवा पहुंचना आसान होगा। महाराष्ट्र के औद्योगिक विकास के लिए भी इसे अहम माना जा रहा है।

इस एक्सप्रेसवे का प्रस्ताव एकनाथ शिंदे सरकार के दौर में देवेंद्र फडणवीस ने ही रखा था, जो तब डिप्टी सीएम हुआ करते थे। अब उन्होंने इसके अमल को मंजूरी दे दी है। बता दें कि देश का सबसे लंबा एक्सप्रेसवे भी महाराष्ट्र को दिल्ली से जोड़ रहा है। इस तरह महाराष्ट्र में एक यह और बड़ा प्रोजेक्ट शुरू हो रहा है। दिल्ली से मुंबई को जोड़ने वाला एक्सप्रेसवे 1450 किलोमीटर लंबा है और इसके एक हिस्से में वाहन चलना शुरू भी हो गए हैं।

## जस्टिस वर्मा पर क्यों नहीं हुई एफआईआर, कोड ऑफ कंडक्ट का पालन नहीं कर रहे जज, सांसदों ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कैश कांड में बुरे फंसे जस्टिस यशवंत वर्मा पर संसदीय पैनल ने भी सवाल उठाए हैं और सरकार से पूछा है कि आखिर उनके खिलाफ अब तक कोई एफआईआर क्यों नहीं दर्ज हुई। मंगलवार को कानून एवं न्याय मामलों की संसदीय समिति की मीटिंग हुई, जिसमें सांसदों ने न्यायपालिका में भ्रष्ट आचरण को लेकर चिंता जताई। सांसदों ने कहा कि एक जज के यहां बड़े पैमाने पर कैश पाया जाना सोचने वाली बात है। इसके अलावा उन्होंने जजों के राजनीतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेने और संपत्ति घोषित करने में देरी को लेकर भी सवाल उठाया।

सदस्यों का सीधा सवाल यही था कि दिल्ली हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर जब बड़े पैमाने पर कैश पाया गया तो इस मामले में एफआईआर क्यों नहीं हुई है। फिलहाल जस्टिस वर्मा इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज हैं और इस कांड के बाद उनका ट्रांसफर हो गया था। बंगाल के एक सांसद ने तो सीधा सवाल दागा कि जब अनियमितता के आरोपों में 25 हजार से



ज्यादा अध्यापकों को नौकरी से हटा दिया गया तो फिर जज के खिलाफ कोई ऐक्शन क्यों नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि इन अध्यापकों की तो जॉइनिंग भी 2016 में हुई थी। एक सांसद ने कहा कि आखिर यह क्या ऐक्शन हुआ कि गंभीर आरोपों में घिरे जज का सिर्फ एक हाई कोर्ट से दूसरे में ट्रांसफर कर दिया गया।

**कोड ऑफ कंडक्ट का क्यों नहीं हो रहा पालन**

कुछ सदस्यों ने जजों के लिए बने 16 पॉइंट के कोड ऑफ कंडक्ट का पालन न होने पर भी सवाल किया। यह कोड ऑफ कंडक्ट सुप्रीम कोर्ट ने ही 1997 में लागू किया था। सांसदों ने कहा कि जजों के लिए यह कोड ऑफ कंडक्ट सिर्फ कागजों में ही है। इसके 2023 में सिफारिश की गई थी कि जजों को अपनी संपत्ति घोषित करनी चाहिए, लेकिन इसका पालन भी अधूरा ही है।

**संपत्ति घोषित करने में देरी पर भी उठे सवाल**

उन्होंने कहा कि कई जज तो अब तक संपत्ति घोषित करने से बच रहे हैं। इसके अलावा जजों के राजनीतिक दलों या उनसे जुड़े संगठनों के आयोजनों में हिस्सा लेने पर भी सवाल खड़े किए गए।

सदस्यों ने कहा कि चिंता की बात यह भी है कि कुछ जज रिटायरमेंट के बाद भी पद ले रहे हैं। इस मीटिंग में विपक्षी दलों से जुड़े सांसदों ने जस्टिस शेखर यादव का भी जिक्र किया। वह विश्व हिंदू परिषद के एक आयोजन में शामिल हुए थे और उनके कुछ बयानों पर विवाद खड़ा हो गया था।

## लुधियाना उपचुनाव में हार के बाद कांग्रेस में घमासान, 2 बड़े नेताओं ने दिया इस्तीफा



**लुधियाना , एजेंसी।** लुधियाना पश्चिमी विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस में गुटबाजी की चर्चा तेज हो गई है। हालांकि प्रदेश अध्यक्ष ने इसे सिरे से खारिज कर दिया है, लेकिन पंजाब कांग्रेस में बगावती सुर और तेज हो गए हैं। मंगलवार को पार्टी के दो वरिष्ठ नेता परगट सिंह और कुशलदीप सिंह ढिल्लों ने पंजाब कांग्रेस के उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। इन्होंने अपने इस्तीफे ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल और पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल को भेजे हैं।

दोनों नेताओं ने पार्टी की हालिया हार के लिए सामूहिक आत्ममंथन की मांग की है और प्रदेश कांग्रेस संगठन के पुनर्गठन की जरूरत पर जोर दिया है। हालांकि, दोनों नेताओं ने इस घटनाक्रम पर कोई औपचारिक टिप्पणी नहीं की है। इस मामले पर जब पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वरिंग से पूछा गया तो उन्होंने कहा, ÷मुझे कोई इस्तीफा प्राप्त नहीं हुआ है। यह मामला पार्टी हाईकमान के देखने का है।÷

आपको बता दें कि इससे एक दिन पहले लुधियाना सीट से उपचुनाव लड़ रहे कांग्रेस उम्मीदवार भरत भूषण आशु ने उपचुनाव में हार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। सूत्रों के मुताबिक, परगट सिंह और ढिल्लों ने इस हार को व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामूहिक असफलता करार दिया और पार्टी के भीतर ईमानदार आत्मविश्लेषण की मांग की।

**टॉप लीडरशिप प्रचार से रही दूर**

ज्ञात हो कि पार्टी अध्यक्ष वारिंग और विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा प्रचार के ज्यादातर समय मैदान से गायब रहे और केवल अंतिम चरण में नजर आए। वहीं, आशु ने प्रचार के लिए अपनी पसंद की टीम चुनी थी, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, राणा गुरजीत सिंह, परगट सिंह जैसे नेता शामिल थे। राणा गुरजीत सिंह पहले भी वारिंग को स्वार्थी नेता कह चुके हैं और प्रदेश अध्यक्ष बनने की इच्छा जता चुके हैं।

# चोरी के आरोपी को जूतों की माला पहनाकर सड़कों पर घुमाया गया, जम्मू पुलिस ने दिया जांच का आदेश

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू के मध्य क्षेत्र में मंगलवार को एक संदिग्ध चोर को सार्वजनिक रूप से जूतों की माला पहनाकर अपमानित करने का मामला सामने आया है। युवक को पुलिस की गाड़ी के बोनट पर बैठा घुमाया गया। इस संबंध में जांच शुरू की गई है।

सोशल मीडिया पर इस घटना का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वहां मौजूद लोग इस कृत्य पर तालियां बजाते और खुशी मनाते हुए नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर सामने आए इस वीडियो पर यूजर्स अलग-अलग प्रतिक्रिया दे रहे हैं। जहां कई लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की वैधता और नैतिकता पर सवाल उठाए हैं तो वहीं कुछ लोगों ने इसे जंगलराज करार दिया है।

जम्मू के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जोगिंदर सिंह ने घटना की निंदा करते हुए इस मामले में विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। आरोपी कश्मीर का निवासी है और गिरफ्तारी के समय कथित तौर पर नशे की हालत में था। उसे एक अस्पताल के पास पीछा करने और झड़प के बाद पकड़ा गया। बख्शी नगर पुलिस थाने के थाना प्रभारी आजाद मन्हास ने बताया कि आरोपी उस गिरोह में शामिल है, जिसका हाल ही में इस इलाके में भंडाफोड़ हुआ था। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले दवा खरीदते समय एक व्यक्ति से 40,000 रुपये लूट लिये गए थे। हालांकि, वह व्यक्ति चोर को पहचानकर उससे भिड़ गया था।



**चाकू से किया था हमला**

थाना प्रभारी ने बताया कि चोर ने उक्त व्यक्ति पर चाकू से हमला किया था, जिससे वह घायल हो गया था। आरोपी ने मौके से भागने की कोशिश की थी। उन्होंने बताया कि इलाके में गश्त कर रहे पुलिसकर्मियों ने आरोपी का पीछा किया और उसे पकड़ लिया। अधिकारी ने बताया कि जब आरोपी को पकड़ लिया गया तो कुछ स्थानीय युवकों ने कथित तौर पर उसके हाथ रस्सी से बांध दिए और उसे जूतों की माला पहना दी। उन्होंने बताया कि इसके बाद आरोपी को सड़कों पर घुमाया गया। थोड़ी देर के लिए पुलिस वाहन के बोनट पर बैठाया गया और पुलिस थाने ले जाते समय सार्वजनिक संबोधन प्रणाली के माध्यम से उसकी गिरफ्तारी का ऐलान किया गया। कई लोगों ने पुलिस टीम के समर्थन में नारे लगाए।

**विभागीय जांच के आदेश**

जम्मू के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जोगिंदर सिंह ने कहा कि पुलिसकर्मियों की कार्रवाई गैर-पेशेवर और अनुशासित संगठन के सदस्यों के लिए अनुचित है। उन्होंने इस मामले की सख्त विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।

एसएसपी के आदेश में कहा गया, 'वास्तविक तथ्यों का पता लगाने के लिए इस मामले की प्रारंभिक जांच का आदेश दिया जाता है, जिसे सिटी नॉर्थ, जम्मू के उप-मंडलीय पुलिस अधिकारी को सौंपा गया है। वह इस मामले की जांच करेंगे और एक सप्ताह के भीतर इस कार्यालय में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।' जम्मू में इस महीने में यह ऐसा दूसरा मामला है। इससे पहले 11 जून को एक ऐसी ही घटना हुई थी, जिसमें गोलीबारी में शामिल तीन अपराधियों को पुलिस की ओर से सार्वजनिक रूप से पीटा गया था।

# शुभमन गिल की टीम इंडिया जहां गई हार, वहीं किया जीत का दीदार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शुभमन गिल की टीम इंडिया को इंग्लैंड में जहां हार का सामना करना पड़ा. वहीं वैभव सूर्यवंशी की टीम का सूरज जीत के साथ चमका है. ये दोनों ही घटनाएं एक ही दिन घटी हैं. 24 जून को ही शुभमन गिल को टेस्ट सीरीज के पहले मैच में हार मिली और उसी दिन वैभव सूर्यवंशी ने इंग्लैंड में जीत का दीदार किया. अब इंग्लैंड ने शुभमन गिल की टीम इंडिया को 5 विकेट से हराया कैसे, इस पर तो काफी कुछ लिखा जा चुका है. लेकिन वैभव सूर्यवंशी, आयुष म्हात्रे, हरवंश सिंह जैसे उभरते खिलाड़ियों से सजी भारत की अंडर 19 टीम ने जीत का बिगुल कैसे फूंका, आइए जानते है. इंग्लैंड में भारत की अंडर 19 टीम की जीत की डफली 24 जून को एक प्रैक्टिस मैच में बजी. 50 ओवर के इस मुकाबले में भारत ने इंग्लैंड लायंस को उतने रन से हराया, जितने उसने बनाए भी नहीं. वैभव सूर्यवंशी, हरवंश सिंह, राहुल कुमार, आयुष म्हात्रे जैसे बल्लेबाजों से भरी भारत की अंडर 19 टीम ने मैच में कुल 25 छक्के और 37 चौके लगाए. इन 62 बाउंड्रीज के दम पर भारत की अंडर 19 टीम ने 50 ओवर में 444 रन का विशाल स्कोर बनाया, जिसका पीछा करते हुए इंग्लैंड लायंस केवल 211 रन ही बना सकी. मतलब वो 231 रन से प्रैक्टिस मैच हार गए.



**वैभव सूर्यवंशी मे मारे कितने रन?**

अब सवाल है कि 25 छक्के उड़ाने वाली भारत की अंडर 19 टीम की तरफ से किसने कितने रन बनाए? वैभव सूर्यवंशी ने कितने रन मारे? इंग्लैंड लायंस के खिलाफ 24 जून को खेले प्रैक्टिस मैच में आयुष म्हात्रे और वैभव सूर्यवंशी की ओपनिंग जोड़ी ज्यादा जमी नहीं. सिर्फ 9 रन पर ये पार्टनरशिप टूट गई. कप्तान आयुष म्हात्रे ने 1 रन बनाए. आयुष के जाने के बाद वैभव सूर्यवंशी भी ज्यादा देर रूके नहीं. मगर जब तक वो क्रीज पर रहे, अपनी मौजूदगी का एहसास खूब कराया. उन्होंने सिर्फ 13 गेंदों का सामना किया मगर उसमें भी एक छक्का और 2 चौके उनके बल्ले से देखने को मिले. उन्होंने 130 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 17 रन बनाए.

**हरवंश सिंह ने ठोका शतक, इन बल्लेबाजों ने खेली ताबड़तोड़ पारी**

अब सवाल है कि ना आयुष चले ना वैभव सूर्यवंशी तो फिर भारत की अंडर 19 टीम ने कैसे 444 रन का स्कोर खड़ा कर दिया?

तो इसका जवाब हैं हरवंशन सिंह, जिन्होंने 9वें नंबर पर उतरकर 9 छक्कों के साथ नाबाद 103 रन जड़े. हरवंश के अलावा राहुल कुमार ने 5 छक्के और 4 चौके के साथ 63 गेंदों पर 75 रन बनाए. कनिष्क चौहान ने 5 छक्के, 5 चौके के साथ 64 गेंदों में 79 रन ठोके तो वहीं आरएस अमबरीश ने 4 छक्के और 6 चौके के साथ 47 गेंदों में ही 72 रन ठोक दिए. इन 4 बल्लेबाजों के आतिशी खेल का ही नतीजा रहा कि मैच में भारत की अंडर 19 टीम की तरफ से 25 छक्के तो देखने को मिले ही, उसके अलावा 444 रन भी बनते दिखे.

### 27 जून से सीरीज का आगाज

भारत और इंग्लैंड की अंडर 19 टीम के बीच वनडे सीरीज की शुरुआत 27 जून से शुरू हो रही है. उससे पहले भारतीय बल्लेबाजों ने रनों की बारिश कर अपनी तैयारियों का ट्रेलर दिखा दिया है. वैभव सूर्यवंशी भले ही ज्यादा योगदान नहीं दे सके मगर वो ऐसे बल्लेबाज हैं जो कभी भी गियर बदल सकते हैं.

---

डब्ल्यूटीसी पॉईंट टेबलः

# इंग्लैंड बना नंबर 1

**हार के बाद वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की अंकतालिका में भारत चौथे नंबर पर**




**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 साइकल में भारतीय क्रिकेट टीम टेस्ट सीरीज इंग्लैंड के खिलाफ खेल रही है। इस 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले ही मैच में भारतीय क्रिकेट टीम को इंग्लैंड के हाथों 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा और भारतीय टीम की शुरुआत शुभमन गिल की कप्तानी में खराब हुई।

बेन स्टोक्स की कप्तानी में मेजबान इंग्लैंड ने भारत को 5 विकेट से हरा दिया और वर्ल्ट टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 की अंकतालिका में टॉप पर पहुंच गई। वहीं भारतीय टीम फिलहाल इस अंकतालिका में चौथे नंबर पर है। भारतीय टीम को अपने पहले ही मैच में हार मिली और वो एक भी अंक अर्जित नहीं कर पाई। लीड्स टेस्ट मैच में भारत ने इंग्लैंड को चौथी पारी में जीत के लिए 371 रन का मुश्किल टारगेट दिया था, लेकिन भारतीय गेंदबाजी काफी खराब रही और इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने मैच के आखिरी दिन जीत के लिए बचे 350 रन के लक्ष्य को आराम से हासिल कर लिया। इंग्लिश टीम ने 5 विकेट पर 373 रन बनाते हुए मैच जीत लिया और भारत को निराश होना पड़ा। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 की अंकतालिका की बात करें तो इसमें भारत के खिलाफ जीत के बाद इंग्लैंड पहले स्थान पर है जिसने अपने पहले मैच को जीतकर 12 अंक हासिल किए और इस टीम की जीत का प्रतिशत 100.00 है तो वहीं इसमें दूसरे नंबर पर बांग्लादेश तो तीसरे नंबर पर श्रीलंका है।

बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच खेला गया मैच ड्रॉ रहा था और दोनों टीमों के 4-4 अंक हैं जबकि जीत का प्रतिशत 33.33-33.33 है।

# नीरज चोपड़ा ने 4 दिन के अंदर दूसरा टूर्नामेंट जीता

➢ **गोल्डन स्पाइक मीट में नंबर-1 रहे, 85.29मी. भाला फेंका; पेरिस डायमंड लीग जीती थी**




**नई दिल्ली, एजेंसी।** नीरज चोपड़ा का पहला थ्रो अमान्य रहा। उन्होंने तीसरे प्रयास में 85.29 मीटर भाला फेंका। भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने मंगलवार को गोल्डन स्पाइक मीट में पहला स्थान हासिल किया है। वे लगातार दूसरे टूर्नामेंट में नंबर-1 पर रहे हैं। नीरज ने 4 दिन पहले 20 जून को पेरिस डायमंड लीग में पहला स्थान हासिल किया था। नीरज ने मंगलवार रात को चेक रिपब्लिक (ओस्त्रावा) में आयोजित इस टूर्नामेंट में 85.29 मीटर भाला फेंका और पहले स्थान पर रहे। द. अफ्रीका के डोव स्मित (84.12 मीटर) पर्सनल बेस्ट के साथ दूसरे और ग्रेनाडा के एंडरसन पेटर्स (86.63 मीटर) तीसरे नंबर पर रहे।

नीरज इस समय वर्ल्ड एथलेटिक्स के कॉन्टीनेंटल टूर पर हैं। इस टूर्नामेंट में 9 प्लेयर्स ने हिस्सा लिया। उन्होंने को पेरिस डायमंड लीग भी जीती थी। तीसरे प्रयास में आया नीरज का बेस्ट थ्रो प्रतियोगिता में नीरज चोपड़ा का बेस्ट थ्रो तीसरे प्रयास में आया। उन्होंने फाउल से शुरुआत की। फिर 83.45 मीटर स्कोर किया। नीरज 85.29 मीटर के थ्रो के साथ वे टॉप पर आ गए। उन्होंने अगले 2 थ्रो में क्रमशः 82.17 मीटर और 81.01 मीटर स्कोर किया। आखिरी थ्रो फाउल रहा।



# रिंकू सिंह और सांसद प्रिया सरोज की शादी टली

## अब 18 नवंबर को काशी में नहीं होगा दोनों का विवाह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह और समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज की शादी, जो 19 नवंबर को होने वाली थी, अब कथित तौर पर स्थगित कर दी गई है। इस महीने की शुरुआत में उत्तर प्रदेश के लखनऊ में एक भव्य समारोह में दोनों ने सगाई की थी। सगाई समारोह में कई बड़े चेहरे शामिल हुए थे। कुछ उल्लेखनीय मेहमानों में सपा अध्यक्ष और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, अभिनेत्री जया बच्चन और भारतीय तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार भी शामिल थे।

**अब फरवरी 2026 में होगी रिंकू और प्रिया की शादी**

सगाई के बाद रिंकू सिंह और प्रिया सरोज ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर समारोह की कई तस्वीरें भी शेयर की थीं। समाचार पत्र अमर उजाला की रिपोर्ट के अनुसार, रिंकू सिंह और प्रिया सरोज की शादी नवंबर में होने वाली उनकी क्रिकेट प्रतिबद्धताओं के कारण स्थगित कर दी गई है। अखबार ने जोड़े के परिवार के सदस्यों को स्रोत के हवाले से लिखा कि शादी अब फरवरी 2026 में होगी और सही तारीख जल्द ही बताई जाएगी।

**19 नवंबर के लिए बुक था वाराणसी का ताज होटल**

रिपोर्ट में कहा गया है, 'परिवार ने 19 नवंबर 2025 को रिंकू सिंह और प्रिया सरोज की शादी के लिए वाराणसी के ताज होटल को बुक किया था। हालांकि, भारतीय क्रिकेट टीम के लिए रिंकू सिंह की प्रतिबद्धताओं ने उन्हें शादी को स्थगित करने के लिए मजबूर किया।' आगे कहा गया है, 'होटल अब फरवरी के अंत के लिए बुक किया गया है, लेकिन सही तारीख की अब तक पुष्टि नहीं हुई है।'

**8 जून 2025 को हुई थी रिंकू सिंह और प्रिया सरोज की सगाई**

इससे पहले 8 जून 2025 को रिंकू सिंह और प्रिया सरोज ने लखनऊ में एक भव्य समारोह में सगाई की थी। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्ट किया, 'यह दिन हमारे दिलों में बहुत लंबे समय से था, लगभग तीन साल और हर पल इंतजार के लायक था। सगाई- पूरे दिल से और हमेशा के लिए।'

# तिलक वर्मा ने काउंटी चैम्पियनशिप के डेब्यू पर जड़ा शतक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच हेडिंग्ले क्रिकेट ग्राउंड पर पहले टेस्ट का अंतिम दिन जहां भारतीय गेंदबाजों को विकेट मिलने में मुश्किल हो रही है। वहीं दूसरी तरफ तिलक वर्मा ने यूके में हैम्पशायर के लिए खेलते हुए काउंटी चैम्पियनशिप में डेब्यू पर शतक लगा दिया है। बाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने 98 के स्कोर से आगे खेलते हुए चेम्सफोर्ड में एसेक्स के खिलाफ शतक लगाया। वर्मा ने तीसरे दिन कुछ ही समय में अपना पहला काउंटी शतक बनाया,



लेकिन शुरुआत को आगे नहीं बढ़ा सके। उन्होंने 241 गेंदों पर 100 रन बनाए। लेकिन वह साइमन हार्मर द्वारा आउट हो गए। वर्मा ने अपनी पारी के दौरान 11 चौके और तीन छक्के लगाए। वर्मा 2019 में अजिंक्य रहाणे के बाद हैम्पशायर के लिए शतक बनाने वाले दूसरे भारतीय बन गए हैं। वर्मा ने दूसरे दिन के बाद कहा, मैं रहाणे से कह सकता हूं कि मैंने भी यहां शतक बनाया है।

आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाले 22 वर्षीय रोमांचक खिलाड़ी सबसे बेहतरीन टी20 बल्लेबाजों में से एक हैं। नई द्वृष्टष्ट रैंकिंग में वह दुनिया में नंबर 3 रैंक वाले टी20 बल्लेबाज है। वर्मा ने कहा, मैं हमेशा कहता हूं, टेस्ट क्रिकेट मेरा पसंदीदा है। टी20 में नंबर 3 बल्लेबाज होने के कारण हर कोई सोचता है कि मैं एक अच्छा टी20 बल्लेबाज हूं, लेकिन लंबे समय से मैं कहता आ रहा हूं कि मैं एक अच्छा टेस्ट खिलाड़ी हूं।

मुझे टेस्ट खेलना पसंद है, शरीर के करीब खेलना। आईपीएल के बाद हमारे पास 1-1.5 महीने का ब्रेक है। भारत और भारत ए यहां हैं, इसलिए मेरे लिए घर पर बैठकर कुछ नहीं करना था। इसलिए यह सही मौका था और पिछले तीन साल से मैं इसका इंतजार कर रहा था। मैंने कुछ टीमों से पूछा और मुझे हैम्पशायर से मौका मिला।

इंडिया-इंग्लैंड दूसरा टेस्टः

# टेस्ट नहीं खेलेंगे जसप्रीत बुमराह?

**गौतम गंभीर ने प्लान को लेकर दे दिया बड़ा अपडेट**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शुभमन गिल की कप्तानी में भारत इंग्लैंड के खिलाफ पहला टेस्ट हार गई, फील्डिंग के आलावा भारत की गेंदबाजी भी खराब रही. जसप्रीत बुमराह को छोड़ दें तो पहली पारी में कोई अन्य गेंदबाज इंग्लिश बल्लेबाजों पर दबाव नहीं बना पाया. दूसरी पारी में तो बुमराह भी कोई विकेट नहीं ले पाए. हालांकि अब टीम इंडिया की नजरें दूसरे टेस्ट पर है, लेकिन उससे पहले हेड कोच गौतम गंभीर ने बुमराह को लेकर बड़ा अपडेट दिया है. पहले टेस्ट की हार के बाद प्रेस के सवालों का जवाब देने खुद हेड कोच गौतम गंभीर आए, जिनकी कोचिंग में भारतीय टेस्ट टीम अच्छा नहीं कर पा रही है. इस दौरे पर सबसे मुख्य गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हैं, लेकिन वर्कलोड मैनेजमेंट के चलते वह सिर्फ 3 ही टेस्ट खेलेंगे. प्रेस कांफ्रेंस में गौतम गंभीर ने भी कन्फर्म किया कि प्लान में कोई बदलाव नहीं हुआ है और पहले टेस्ट में हार के बावजूद बुमराह अब बचे हुए मैचों में से सिर्फ 2 में ही खेलेंगे.




**गौतम गंभीर ने जसप्रीत बुमराह को लेकर क्या अपडेट दिया :** गंभीर ने कहा मुझे लगता है कि जसप्रीत बुमराह का वर्कलोड मैनेज करना हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है, क्योंकि आगे बहुत सारा क्रिकेट होना है और हम जानते हैं कि वह कितने जरुरी हैं. इसलिए इस दौरे पर आने से पहले ही यह तय हो गया था कि वह तीन टेस्ट खेलेंगे, लेकिन देखते हैं कि उसका शरीर कैसा रहता है. लेकिन हमने यह तय नहीं किया है कि वह कौन से दो अन्य टेस्ट मैच खेलेंगे. बेशक गौतम गंभीर ने साफ़ किया कि अभी ये तय नहीं है कि बुमराह कौन से 2 और टेस्ट खेलेंगे लेकिन खबर है कि वह दूसरे टेस्ट में नहीं खेलेंगे. भारत बनाम इंग्लैंड दूसरा टेस्ट 2 जुलाई से एजबेस्टन, बर्मिंघम में खेला जाएगा. गंभीर को लेकर खबर है कि वह दूसरे टेस्ट में नहीं खेलेंगे, वह तीसरे और फिर उसके बाद सीरीज के आखिरी टेस्ट में खेलेंगे.

# नेमार ने सैंटोस के साथ कॉन्ट्रैक्ट दिसंबर 2025 तक बढ़ाया

**रियो डी जेनेरियो, एजेंसी।** नेमार ने सैंटोस के साथ अपना कॉन्ट्रैक्ट दिसंबर तक बढ़ा दिया है। इसका ऐलान ब्राजील के सीरी ए क्लब ने किया है। 33 वर्षीय पूर्व बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मेन फॉरवर्ड सऊदी प्रो लीग की टीम अल-हिलाल से अलग होने के बाद जनवरी में छह महीने के कॉन्ट्रैक्ट पर अपने बचपन के क्लब में लौट आया है। ब्राजील के सर्वकालिक शीर्ष गोल स्कोरर का नाम मेजर लीग सॉकर में जाने या यूरोप में वापसी की अटकलों से जुड़ा हुआ था, लेकिन उन्होंने अब 2025 सीजन के अंत तक सैंटोस क्लब में बने रहने पर सहमति जताई है।

नेमार ने क्लब की वेबसाइट पर एक बयान में कहा, मैंने एक फैसला लिया और अपने दिल की बात सुनी। सैंटोस सिर्फ मेरी



टीम नहीं है। यह मेरा घर, मेरी जड़ें, मेरा इतिहास और मेरा जीवन है। उन्होंने आगे कहा, यहां मैं एक लड़का था, जो एक आदमी बन गया। मुझे सच में बहुत प्यार मिलता है। यहां मैं वास्तव में खुश हूं।

यहीं पर मैं अपने करियर में अधूरे सपनों को पूरा करना चाहता हूं। मुझे कोई नहीं रोक सकता। मैं जाता हूं, वापस आता हूं और यहीं रहता हूं। जहां से यह सब शुरू हुआ और जहां यह कभी खत्म नहीं होगा। नेमार ने 2009 में सैंटोस के लिए अपना प्रोफेशन डेब्यू किया और क्लब के लिए 243 मैच खेले। इस दौरान 141 गोल किए और 69 असिस्ट दिए। चोटों के कारण वह इस साल आठ बार के ब्राजीलियाई सीरी-ए चैंपियन के लिए सिर्फ 12 मैच ही खेल पाए हैं।

सैंटोस के अध्यक्ष मार्सेलो टेक्सेरा ने कहा, यह ब्राजीलियन फुटबॉल के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। सैंटोस एफसी के फैंस के लिए एक तोहफा है। हमारा आइडल, हमारा लड़का, हमारी नंबर 10 शर्ट वाला राजकुमार हमेशा बना रहेगा। यह पुनर्निर्माण प्रक्रिया में एक बहुत ही महत्वपूर्ण क्षण है।

एमएलसी 2025ः

# दादा भारत के लिए खेले पोते ने अमेरिकी लीग में दिलाई टीम को जीत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टेक्सास सुपर किंग्स ने मेजर लीग क्रिकेट-2025 (एमएलसी) के 15वें मैच में जीत दर्ज की। इस टीम ने लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स को 52 रन से हराया। टीम की जीत में शुभम रांझणे का अहम योगदान रहा, जिन्होंने ताबड़तोड़ 70 रन की पारी खेली।

शुभम का जन्म 26 मार्च 1994 को महाराष्ट्र में हुआ। क्रिकेट उनके खून में है। इस ऑलराउंडर के पिता सुभाष महाराष्ट्र के लिए खेल चुके हैं। उन्होंने अंडर-19 टीम का प्रतिनिधित्व भी किया है। वहीं, दादा वसंत रांझणे भी एक ऑलराउंडर रहे, जिन्होंने भारत के लिए सात टेस्ट खेले। शुभम रांझणे को आईपीएल-2019 में राजस्थान रॉयल्स ने खरीदा था, लेकिन उन्हें कोई मैच खेलने का




मौका नहीं मिल सका। साल 2016 में मुंबई के लिए अपना फर्स्ट क्लास डेब्यू करने वाले शुभम 15 प्रथम श्रेणी मैच खेल चुके हैं। यह सीजन में टेक्सास सुपर किंग्स की चौथी जीत रही। शुरुआती तीन मैच जीतने के बाद इस टीम को लगातार दो हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, दूसरी ओर लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स सीजन का अपना चौथा मैच गंवा बैठी है। इस टीम ने हार की हैट्रिक लगाने के बाद एक जीत दर्ज की, लेकिन इस लय को बरकरार नहीं रख सकी। डलास में खेले गए मुकाबले की बात करें, तो टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टेक्सास की टीम ने आठ विकेट गंवाकर 196 रन बनाए। टीम 33 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा चुकी थी, जिसके बाद शुभम रांझणे ने समित पेटल के साथ टीम को संभालने की कोशिश की। दोनों बल्लेबाजों के बीच पहले विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी हुई। समित 33 गेंदों में 38 रन बनाकर आउट हुए।

यहां से शुभम रांझणे ने डोनोवन फेरीरा के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 82 रन जोड़े और टीम को मजबूत स्थिति में ला दिया। शुभम रांझणे ने 45 गेंदों में चार छक्कों और छह चौकों की मदद से 70 रन बनाए, जबकि फेरीरा ने 21 गेंदों में 43 रन की पारी खेली। विपक्षी टीम की ओर से वैन शाल्कविक और आंद्रे रसेल ने तीन-तीन विकेट चटकाए। इसके जवाब में लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स निर्धारित ओवरों में सात विकेट गंवाकर सिर्फ 144 रन ही बना सकी। टीम के लिए उन्मुक्त चंद ने सर्वाधिक 30 रन की पारी खेली, जबकि कप्तान जेसन होल्डर ने नाबाद 26 रन बनाए। विपक्षी टीम के लिए अकील हुसैन और नूर अहमद ने दो-दो शिकार किए।

# पिछड़ा वर्ग समुदाय के कल्याण के लिए अपने दायित्वों का बेहतर निर्वहन करें अधिकारी : डॉ. कुसमरिया

## पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष ने कलेक्ट्रेट में ली समीक्षा बैठक



**पन्ना।** पिछड़ा वर्ग समुदाय को विकास की मुख्यधारा में शामिल करने तथा वंचित लोगों तक सुविधाओं की पहुंच आसान बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक स्तर पर हरसंभव प्रयास किया जाए। विभिन्न विभागों की योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान कर शासन की मंशा को सफल बनाएं। इसके अलावा सभी विभागीय अधिकारी जिला प्रशासन के नेतृत्व में बेहतर कार्य कर अपनी अहम भूमिका का सजगतापूर्वक निर्वहन भी करें। म.प्र. राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान उक्ताशय के निर्देश दिए। आयोग अध्यक्ष ने कहा कि सभी लोकसेवक समाज में समानता की भावना तथा संविधान व शासन की मूल मंशा अनुसार बेहतर दृष्टिकोण के साथ शासकीय दायित्व निभाएं। इस मौके पर विधायक गुनौर डॉ. राजेश वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव, नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रविराज यादव एवं बृजेन्द्र मिश्रा सहित कलेक्टर सुरेश कुमार, वनमण्डल अधिकारी उत्तर गर्वित गंगवार, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, एसडीएम संजय कुमार नागवंशी, जिला संयोजक आर.के. सतनामी एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

आयोग अध्यक्ष डॉ. कुसमरिया ने समीक्षा बैठक में पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा जिले में क्रियान्वित योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली। साथ ही अन्य विभागों की योजनाओं के तहत पिछड़ा वर्ग के हितग्राहियों को लाभांवित करने के बारे में भी पूछा। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अधिकारी द्वारा पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक योजना एवं सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना सहित पोस्ट मैट्रिक छात्रावास, उद्यम और मेधावी छात्र योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में लाभांवित हितग्राहियों के बारे में अवगत कराया गया।

अध्यक्ष डॉ. कुसमरिया ने निर्देश दिए कि शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थियों को निर्धारित समय सीमा में छात्रवृत्ति का भुगतान हो। इसके लिए संस्था प्रमुखों से समन्वय कर छात्र-छात्राओं के बैंक खाता संबंधी त्रुटि भी सही कराएं। विभागीय छात्रावास में भवन मरम्मत के साथ मेस संचालन शुरू करने की कार्ययोजना बनाएं। उन्होंने छात्रावास में प्रवेशित विद्यार्थियों की जानकारी लेकर समय पर शिष्यवृत्ति के भुगतान के निर्देश दिए। इसके अलावा कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को बुधवार को बालक एवं कन्या छात्रावास का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यों का प्रस्ताव तैयार कराने तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को साफ-सफाई की व्यवस्था के संबंध में निर्देशित किया गया। छात्रावास में नियमित रूप से विद्यार्थियों की उपस्थिति के लिए भी कहा। साथ ही विभागीय योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों के सतत संपर्क में सहकर निरंतर आवश्यक सहयोग व मार्गदर्शन प्रदान करने तथा छात्रावास में पुस्तकालय व कोचिंग सुविधा प्रदान करवाने की अपेक्षा की।

अध्यक्ष डॉ. कुसमरिया ने कहा कि पन्ना शहर के इन्द्रपुरी कॉलोनी स्थित कन्या छात्रावास पहुंच मार्ग का अतिक्रमण तत्परता से हटाने की कार्रवाई करें। जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों द्वारा समय-समय पर विभाग की संस्थाओं का भ्रमण भी किया जाए। सभी छात्रावास में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता तथा सुरक्षा प्रबंध हों। उन्होंने बैठक में पिछड़ा वर्ग समुदाय के कल्याण संबंधी योजनाओं की सुलभ तरीके से पहुंच बनाने के उद्देश्य से शासन स्तर से अपेक्षित नीतिगत मामलों में समन्वय तथा विभाग प्रमुखों से अपेक्षित कार्रवाई की बात भी कही। बैठक में सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी, किसान कल्याण तथा कृषि विकास व लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा पिछड़ा वर्ग श्रेणी के व्यक्तियों को विभागीय योजनाओं के तहत मिले लाभ के बारे में अवगत कराया गया। अध्यक्ष ने संबंधित विभागों द्वारा समग्र रूप से एकजाई जानकारी पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के माध्यम से प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।

आयोग अध्यक्ष द्वारा समीक्षा बैठक में जिले के विभिन्न उद्यमों में पिछड़ा वर्ग श्रेणी के युवाओं को प्रदत्त रोजगार के बारे में जानकारी ली गई। इस अवसर पर उन्होंने बड़ी परियोजनाओं के संचालन के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यों के तहत स्थानीयजनों के कल्याण के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उद्योग प्रबंधन विशेषकर जेके सीमेंट प्लांट के प्रतिनिधि को जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विभिन्न गतिविधियों की जानकारी साझा करने के लिए कहा। जेके सेम प्रबंधन को स्थानीय ग्रामवासियों के आवागमन की सुविधा के दृष्टिगत समय-समय पर सड़क मरम्मत कराने के निर्देश भी दिए गए।

# संविधान सत्याग्रह को लेकर रानीगंज पुरवा में कांग्रेस पार्टी की बैठक संपन्न



**पन्ना।** बिगत दिवस दिनांक 23 जून 2025 को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवजीत सिंह भैया राजा के मुख्य आतिथ्य मे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवेंद्रनगर के मंडलम रानीगंज पुरवा की दलित बस्ती में संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष संविधान सत्याग्रह का आयोजन किया गया।इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवजीत सिंह भैया राजा द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके द्वारा बनाए गए संविधान से हमारे अधिकारों की मूल्य पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने आगे बताया की भाजपा से संबिधान को खतरा है, जिसे बचाने के लिए कांग्रेस निरंतर प्रयासरत है,हम अपनी जान देकर भी बाबा साहेब के बनाये सभिधान को मिटने नही देंगे।समस्त ग्रामवासियों ने मिलकर बाबा साहब के संवैधानिक मूल्यों के संरक्षण का संकल्प लिया।इस अवसर पर

, मार्तंड देव बुंदेला,ब्लॉक अध्यक्ष आनंद शुक्ला,श्रवण तिवारी, केशरी अहिरवार, शनि राजा, सारांश पांडे, मीडिया से ,संदीप शुक्ला,जावेद खान ,मंडलम अध्यक्ष राजेश चौधरी,विमल चौधरी, एवं काफी संख्या में ग्रामीणजन महिलाएं उपस्थित रही।

# जनसुनवाई में आए 18 आवेदन




**पन्ना।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 18 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा जिला मुख्यालय की जनसुनवाई में पहुंचे आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं। ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में भी आवेदकों की समस्याओं का निराकरण किया गया। राज्य शासन के निर्देश पर आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज जनसुनवाई हुई।

# जामुन का लालच देकर चचेरी बहन के साथ किया दुष्कर्म

**सतना।** मध्यप्रदेश के सतना जिले से रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। जहां में एक चार साल की बच्ची के दुष्कर्म करने के मामले में चचेरे भाई को गिरफ्तार कर लिया गया है। दरअसल, पूरा मामला उचेहरा का बताया जा रहा है। यहां पर सोमवार को 1 बजे करीब आंगनबाड़ी केंद्र से अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान वह पेड़ के नीचे जामुन बीनने लगी। तभी उसका चचेरा भाई वहां पहुंचा और उसे बड़ी-बड़ी जामुन खिलाने का लालच देकर रेलवे पटरी के पास झाड़ियों में ले गया।

# ग्राम पंचायत हरीरा में पदस्थ पटवारी महीनों से गायब, किसान परेशान

## कलेक्टर जनसुनवाई में लगातार शिकायत देने की बावजूद नहीं हो रही कार्यवाही

**पन्ना।** पन्ना जिले में अधिकारी कर्मचारी मनमानी पर उतारू है जिससे आम जनता भारी परेशान है शिकायतें करने के बावजूद भी संबंधित कर्मचारियों पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही जिससे कर्मचारियों के हौसले बुलंद हैं इसी प्रकार का मामला जनपद पंचायत गुनौर अंतर्गत ग्राम पंचायत एवं हल्का पटवारी हरीरा में पदस्थ पटवारी प्रदीप मौर्य महीनों से हल्का मुख्यालय नहीं आ रहे हैं तथा गुनौर स्थित निवास पर भी नहीं मिलते हैं जिससे हल्का क्षेत्र के किसान भारी परेशान है उक्त हल्का के अंतर्गत ग्राम पलहरी उमरी तथा हरिरा आते हैं तीनों ग्रामों के किसान परेशान हो रहे हैं किसानों का कहना है कि फोन लगाने पर वह कहते हैं कि मैं घर पर नहीं हूं मेरे पास और भी हालकों के प्रभार है किसानों को तररवीन नक्शा सीमांकन सहित अन्य कार्य के लिए पटवारी के प्रतिवेदन की आवश्यकता होती है लेकिन उक्त प्रतिवेदन नहीं मिल पाते हैं जिससे किसान भटकते रहते हैं ग्राम वासियों ने दिए गए आवेदन में बताया कि पूर्व में भी आवेदन दिए गए थे लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हुआ फिर से जनसुनवाई में कलेक्टर के नाम आवेदन दिया गया है लेकिन उन्होंने तहसीलदार गन्नौर के लिए लेख कर दिया गया है स्थानीय लोगों का कहना है कि तत्काल पटवारी प्रदीप मोर का स्थानांतरण किया जाए अन्य पटवारी की पदस्थापना की जाए आवेदन देने वालों में डॉक्टर अवधेश सिंह शिवचरण राम प्रताप पटेल मुकेश सुमेर नाथू राय विनोद कुमार पटेल रामखेलावन रामानुज विधायक उत्तम बैजनाथ पटेल शंकर बलिराम प्रकाश पटेल राम रूप शर्मा लोकनाथ कालीचरण सहित अनेक लोग शामिल है।

# विकासखण्ड एवं तहसील स्तरीय कार्यालयों में भी लागू होगी ई-ऑफिस प्रणाली

**पन्ना।** शासन के निर्देशानुसार ई-ऑफिस प्रणाली का क्रियान्वयन अब सभी विकासखण्ड और तहसील स्तर के कार्यालयों में भी किया जाना है। राजस्व विभाग अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं कम्प्यूटर दक्ष सहयोगी स्टॉफ को शासकीय ई-मेल आईडी बनवाने, ईएमडी शीट में जानकारी भरकर भेजने तथा ई-ऑफिस परिचय संबंधी प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट स्थित ई-दक्ष केन्द्र में 25 एवं 26 जून को दिया जाएगा।

कलेक्टर सुरेश कुमार ने सभी एसडीएम को अपने विकासखण्ड स्तरीय संबंधित लोकसेवकों के साथ निर्धारित तिथि को प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को गुनौर अनुभाग के अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक तथा पवई एवं शाहनगर अनुभाग के शासकीय सेवकों का प्रशिक्षण दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित किया गया है, जबकि पन्ना एवं अजयगढ़ अनुभाग का प्रशिक्षण गुरूवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित है।

# पार्षद पद के एक अभ्यर्थी का नामांकन निरस्त

**पन्ना।** नगरीय निकायों के पार्षद पद के उप निर्वाचन अंतर्गत नगर परिषद ककरहटी के वार्ड क्रमांक 13 में रिक्त पार्षद पद के उप चुनाव के लिए दो अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया गया था। मंगलवार को संवीक्षा के दौरान इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी राघेवेन्द्र गौड़ का नामांकन जाति प्रमाण पत्र एवं निर्धारित शुल्क राशि का स्टाम्प संलग्न न होने के कारण निरस्त कर दिया गया है, जिससे पार्षद पद के निर्विरोध निर्वाचन की संभावना है। संबंधित अभ्यर्थी को स्क्रूटनी के दौरान वांछित दस्तावेज उपलब्ध कराने का अवसर भी प्रदान किया गया था।

# कलेक्टर ने शासकीय संस्थाओं के भवनों की जांच के दिए निर्देश

पन्ना




कलेक्टर सुरेश कुमार ने वर्षाकाल के दौरान महाविद्यालय, स्कूल, छात्रावास एवं आंगनवाड़ी भवनों की आवश्यक जांच व कार्रवाई के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में कहा गया है कि मानसून सत्र में संभावित अतिवृष्टि के दृष्टिगत विभागीय संस्थाओं की जांच कर यह सुनिश्चित किया जाए कि भवन अथवा दीवार की स्थिति जीर्ण-शीर्ण होने पर यहां अध्यापन इत्यादि कार्य न हो। इसी तरह छात्र-छात्राओं के छात्रावास तथा आंगनवाड़ी भवनों में भी सुरक्षित स्थानों पर ही संचालन हो। अति वर्षा एवं जल भराव की स्थिति निर्मित होने पर नदी नालों के किनारे निर्मित भवनों, जिनमें अध्यापन कार्य अथवा विद्यार्थियों के ठहरने के लिए भवन एवं आंगनवाड़ी भवन संचालित है, इनकी निरंतर निगरानी कर तत्काल आवश्यक कार्यवाही की जाए। जिला कलेक्टर द्वारा इस बावत् गत टीएल बैठकों में भी अधिकारियों को निर्देशित किया गया था।

# ग्राम पंचायत सिरी एवं अधराड़ के सचिव को नोटिस जारी

पन्ना

लोक सेवा गांरटी अधिनियम 2010 अंतर्गत योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के लंबित आवेदनों का समय सीमा में निराकरण नहीं होने पर गुनौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सिरी एवं शाहनगर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत अधराड़ के सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

जिला योजना अधिकारी एवं द्वितीय अपीलीय अधिकारी लोक सेवा गांरटी अल्का रजनी दास द्वारा अधिनियम की धारा 5(2) के उल्लघंन पर धारा 6 के तहत स्वप्रेरणा के आधार पर संज्ञान लेकर नोटिस जारी करने की कार्रवाई की गई है। इस संबंध मे तीन दिवस के भीतर संबंधित सचिव से अधिनियम के 7.1 (क) के प्रावधान अनुसार 500 रूपए प्रति आवेदन के मान से शास्ति अधिरोपित करने के संबंध में प्रतिवेदन चाहा गया है। जबाव संतुष्टिपूर्ण न होने एवं भविष्य में समय सीमा बाह्य लंबित आवेदन पाए जाने पर एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

# कॉन्स्टेबल ने थाने में बुजुर्ग महिला को जड़ा थप्पड़, एसपी ने किया निलंबित

**सतना।** मध्यप्रदेश के सतना जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने वाली खाकी की शर्मानाक करतूत सामने आई है। जहां शहर के कोलगवां थाना क्षेत्र में टिकुरिया टोला निवासी 65 वर्षीय कलावती सिंह बीते 25 मई से अपने घर में हुई चोरी की शिकायत लेकर कोलगवां थाने के चक्कर काट रही थी, लेकिन उन्हें न्याय दिलाने की बजाय पुलिस ने उल्टा उसे ही आरोपी बना दिया। हालांकि, मामला संज्ञान में आते ही एसपी आशुतोष गुप्ता ने सस्पेंड कर दिया।

जानकारी के मुताबिक, रविवार की दोपहर बुजुर्ग महिला अपनी शिकायत लेकर दोबारा थाने पहुंची तो वहां मौजूद कांस्टेबल शशिकांत शुक्ला ने महिला से अभद्रता करनी शुरु कर दी और फिर थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद कलावती सिंह पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 170 के तहत मामला कायम कर लिया गया। महिला को गिरफ्तार कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया। दरअसल, ये मामला महिला सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलने वाला है। सरकार के द्वारा एक तरफ महिला सशक्तिकरण की बात की जा रही है। वहीं, दूसरी ओर जमीनी हकीकत कुछ और बयां कर रही है। हालांकि, एसपी आशुतोष गुप्ता ने कांस्टेबल शशिकांत शुक्ला को निलंबित कर दिया है। इधर, पन्ना जिले के देवेंद्रनगर के सलेहा तिराहा में पुलिस गाड़ियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एएसआई ने चलती बाइक से चॉबी निकाली तो अनियंत्रित होकर महिला सड़क पर गिर गई। जिसके बाद एएसआई और महिला के बीच झूमाझटकी हो गई।

# सरभंगा और परसमनिया क्षेत्र बनेगा बाघों का नया हॉटस्पॉट

**सतना।** केन- बेतवा लिंक परियोजना में पन्ना टाइगर रिजर्व के कोर एरिया का 25 फीसदी हिस्सा डूब क्षेत्र में आ जाएगा। ऐसे में वहां निवास करने वाले टाइगर अपना इलाका निर्धारित करने के लिए नेचुरल जेनेटिक कॉरीडोर में मूव करेंगे। अन्य वन्य प्राणी भी यहां से विस्थापित होंगे। इन सब स्थितियों को देखते हुए ग्रेटर पन्ना लैंडस्केप प्लान तैयार किया गया है। ऐसे में वन्य प्राणियों के मूवमेंट को देखते हुए मझगवां सहित सरभंगा वन्य क्षेत्र को अभी से संरक्षित करना होगा। लिहाजा वन विभाग अब इसकी तैयारियों में जुट गया है।

जानकारी के अनुसार, 20 जून को पन्ना में एपीसीसीएफ वन्य प्राणी एल. कृष्णमूर्ति की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई थी। इसमें कई जिलों के डीएफओ सहित अन्य वन अधिकारी मौजूद रहे। इस बैठक में टाइगर विहीन हो चुके पन्ना टाइगर रिजर्व में टाइगर को फिर से बसाने वाले वन्य प्राणी विशेषज्ञ और पन्ना टाइगर रिजर्व के पूर्व फील्ड डायरेक्टर आर श्रीनिवास मूर्ति भी मौजूद रहे। इस दौरान सतना डीएफओ से सरभंगा अभयारण्य के संबंध में जानकारी ली गई।

जिस पर चर्चा के बाद तय किया गया कि इन स्थितियों में सरभंगा में कन्जर्वेशन रिजर्व बनाया जा सकता है। इसमें स्थानीय निवासियों के वनाधिकारों पर कोई विशेष पाबंदियां व बाध्यताएं नहीं होती है। उधर नागौद विधायक नागेन्द्र सिंह ने भी वाइल्ड लाइफ क्षेत्र को संरक्षित करने पत्र लिखा था। इन सबको को देखते हुए सांसद गणेश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में बैठक आयोजित की गई।



सभी को सुनने के बाद सांसद ने कहा कि 15 अगस्त को ग्राम सभाएं करवाएं। इसके साथ ही सरभंगा और परसमनिया कन्जर्वेशन रिजर्व के लिए वन विभाग प्रस्ताव तैयार करे। इसे सीएम के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

संरक्षण रिजर्व (कन्जर्वेशन रिजर्व) एक प्रकार का संरक्षित क्षेत्र है जो वन्यजीवों और जैव विविधता के संरक्षण के लिए बनाया जाता है। यह क्षेत्र आमतौर पर राष्ट्रीय उ?द्यानों और वन्यजीव अभयारण्यों के बीच बफर जोन या गलियारे के रूप में काम करते हैं, जिससे वन्यजीवों को एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में जाने में मदद मिलती है। संरक्षण रिजर्व, वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 36ए के तहत अधिसूचित किए जाते हैं।

वनमंडलाधिकारी मयंक चांदीवाल ने संरक्षण रिजर्व पर बताया कि धारा 13 (2) के तहत राज्य शासन किसी विशेष क्षेत्र को स्थानीय जनों की मांग और आवश्यकता होने पर कन्जर्वेशन रिजर्व के प्रावधानों के अनुसार संरक्षित वन (रिजर्व फारेस्ट) और जल क्षेत्र को छोड़कर संरक्षण रिजर्व अभ्यारण्य के रूप में अधिसूचित कर सकता है। इसमें स्थानीय निवासियों के वनाधिकारों पर कोई विशेष पाबंदिया या बाध्यतायें नहीं होती है।

अभ्यारण्य के रूप में घोषित होने पर उस क्षेत्र के लिए केन्द्र सरकार और राज्य सरकार से विशेष सहायता मिलेगी जो मौजूदा मिल रही सहायता के अतिरिक्त होगी। इस दौरान नागौद विधायक नागेन्द्र सिंह ने भी परसमनिया वन्य क्षेत्र के संरक्षण को लेकर इसे भी कन्जर्वेशन रिजर्व में शामिल करने की बात कही। बैठक में विचार-विमर्श के पश्चात निर्णय लिया गया कि सरभंगा और परसमनिया में कन्जर्वेशन रिजर्व के लिए वन विभाग प्रस्ताव तैयार करे। इसका प्रस्तावित क्षेत्र 537 वर्ग किलोमीटर का बताया गया है।

इस बैठक में वाइल्ड लाइफ विशेषज्ञ श्यामेन्द्र सिंह ने भी अपना प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने बताया कि पन्ना टाइगर रिजर्व से लगे गांव मड़ला में वन्य प्राणी टूरिज्म की वजह से 20 करोड़ रुपए सालाना की आय होती है। इस गांव में एक भी व्यक्ति गरीब नहीं है। लोगों को टूरिज्म सेक्टर से अच्छा खासा कारोबार मिल रहा है। सरभंगा भी अगर इस दिशा में जाता है तो वहां के गांवों का भविष्य मडला की ही तरह होगा।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, गुरूवार 26 जून 2025




उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा मेडिकल हब बन रहा है ऐसे समय में ब्लड सेपरेशन यूनिट रीवा के लिये बड़ी सौगात है। ब्लड सेपरेशन यूनिट में एक व्यक्ति द्वारा दिये गये रक्तदान से चार व्यक्तियों की रक्त की आवश्यकता की पूर्ति हो जाती है।



# ब्लड सेपरेशन यूनिट रीवा के लिये बड़ी उपलब्धि है : उप मुख्यमंत्री

## उप मुख्यमंत्री ने ब्लड बैंक एवं ब्लड सेपरेशन यूनिट का किया शुभारंभ

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा मेडिकल हब बन रहा है ऐसे समय में ब्लड सेपरेशन यूनिट रीवा के लिये बड़ी सौगात है। ब्लड सेपरेशन यूनिट में एक व्यक्ति द्वारा दिये गये रक्तदान से चार व्यक्तियों की रक्त की आवश्यकता की पूर्ति हो जाती है। उप मुख्यमंत्री ने रेडक्रास भवन में भारतीय रेडक्रास सोसायटी द्वारा संचालित किये जाने वाले ब्लड बैंक एवं ब्लड सेपरेशन यूनिट का शुभारंभ किया।



रेडक्रास भवन में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि संजय गांधी अस्पताल के अतिरिक्त रेडक्रास सोसायटी का ब्लड बैंक व ब्लड सेपरेशन यूनिट मरीजों की रक्त उपलब्धता में सहायक होगा। उन्होंने लोगों से बढ़-चढ़ कर रक्तदान करने की अपील की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने भी लगभग 30 बार रक्तदान किया है। रक्तदान से किसी जरूरत मंद की मदद होती है। अतः आगे बढ़कर रक्तदान करें ताकि ब्लड बैंक में पर्याप्त रक्त की उपलब्धता रहे व जरूरतमंद को सुविधा से प्राप्त हो सके। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में संजय गांधी अस्पताल के पुर्नरूद्वार एवं नवीनीकरण के लिये 325 करोड़ रूपये तथा नवीन मशीनों की स्थापना के लिये 100 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत कराई गई है। रीवा में 200 विस्तर का कैंसर अस्पताल निर्माणाधीन है। इन सब उपलब्धियों के साथ ब्लड सेपरेशन यूनिट का अपना विशेष महत्व रहेगा। उन्होंने यूनिट की स्थापना के लिये रेडक्रास के चेयरमैन व पदाधिकारियों द्वारा किये गये प्रयासों के लिये साधुवाद दिया तथा इसके व्यवस्थित संचालन की अपेक्षा की। इस अवसर पर भारतीय रेडक्रास सोसायटी रीवा के चेयरमैन डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी ने कहा कि उप मुख्यमंत्री जी के प्रयासों से यह बड़ी उपलब्धि प्राप्त हुई है। उन्हीं के प्रयासों से ही रीवा प्रदेश व देश में अपनी पहचान स्थापित कर रहा है। ब्लड सेपरेशन यूनिट की स्थापना इस क्षेत्र के मरीजों के लिये वरदान साबित होगी। उन्होंने रेडक्रास सोसायटी के माध्यम से सभी के सहयोग से सेवाभाव का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम को डॉ. सी.बी.शुक्ला ने भी संबोधित किया। इस दौरान डॉ. बी.के. शर्मा ने जानकारी दी कि ब्लड सेपरेशन यूनिट 24 घंटे कार्य करेगी। यहां रक्त को चार भागों में विभक्तीकरण कर मरीजों को उपलब्धता सुनिश्चित कराई जायेगी। कार्यक्रम का संचालन सचिव रेडक्रास सोसायटी डॉ. विनोद श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, जयंत खन्ना, संयुक्त संचालक अनिल दुबे, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा आरपी सिंह सहित रेडक्रास के पदाधिकारी, सदस्य, स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि व गणमान्यजन एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिले में अब तक 107.7 मिली मीटर वर्षा दर्ज

**रीवा।** जिले में 25 जून को 22.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। सर्वाधिक 42 मिलीमीटर वर्षा गुढ़ तहसील में दर्ज की गई। इस दिन रायपुर कर्चुलियान में 31 मिमी, सिरमौर में 28 मिमी, सेमरिया में 32 मिमी तथा मनगवां में 30 मिमी वर्षा दर्ज की गई। जिले में एक जून से अब तक 107.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। इस संबंध में अधीक्षक भू-अभिलेख महेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि अब तक तहसील हुजूर में 111.5 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 72.5 मिलीमीटर, गुढ़ में 147 मिलीमीटर, सिरमौर में 169.6 मिलीमीटर, त्योंथर में 45 मिलीमीटर, सेमरिया में 150 मिलीमीटर, मनगवां में 92 मिलीमीटर तथा जवा में 74 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज गयी। गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 26.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गयी थी। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

## जिले में 1047728 हितग्राहियों का ई केवाईसी हुआ अपडेट

**रीवा।** खाद्य सुरक्षा योजना से लाभान्वित सभी हितग्राहियों के ई केवाईसी अपडेशन का कार्य लगातार किया जा रहा है। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि जिले में खाद्य सुरक्षा योजना से लाभान्वित परिवारों के 11 लाख 99 हजार 962 सदस्य राशन मित्र पोर्टल पर दर्ज हैं। इनमें से 27976 अपात्र तथा मृत हितग्राहियों के नाम एम राशन मित्र पोर्टल से हटाने की कार्यवाही ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकायों द्वारा की जा रही है। अब तक 1047728 सदस्यों की ईकेवाईसी अपडेशन का कार्य किया जा चुका है। शेष बचे हितग्राहियों की ई केवाईसी अपडेशन का कार्य 30 जून तक पूरा कर लिया जाएगा। ई केवाईसी कराने के लिए उचित मूल्य दुकान के सेल्समैन पीओएस मशीन के माध्यम से हितग्राहियों का ई केवाईसी अपडेट कर रहे हैं। ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक और नगरीय क्षेत्रों में वार्ड प्रभारी भी ई केवाईसी अपडेट कर रहे हैं। एप के माध्यम से हितग्राही को स्वयं ई केवाईसी दर्ज कराने की भी सुविधा दी गई है। इसके अलावा कॉमन सर्विस सेंटर तथा मोबाइल ऐप में भी ई केवाईसी अपडेशन की सुविधा उपलब्ध है।

जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि 25 जून तक जिले में 10 लाख 47 हजार 728 हितग्राहियों की ई केवाईसी की जा चुकी है। यह कुल हितग्राहियों का 87.3 प्रतिशत है। जिसमें जनपद पंचायत गंगेव में 134978, जवा में 129664, रायपुर कर्चुलियान में 167683, रीवा में 168520, सिरमौर में 181683, त्योंथर में 123440 हितग्राहियों की ई केवाईसी अपडेट की जा चुकी है। नगरीय निकायों में नगर निगम रीवा में 68536, नगर परिषद डभौरा में 13323, बैकुण्ठपुर में 6074, चाकघाट में 5790, गोविंदगढ़ में 7149, गुढ़ में 9061, मनगवां में 7340, सेमरिया में 8695, नगर परिषद सिरमौर में 5927 तथा नगर परिषद त्योंथर में 9465 हितग्राहियों की ई केवाईसी अपडेट की जा चुकी है।

## आरोपी पर 10 हजार के ईनाम की घोषणा

मऊगंज

पुलिस अधीक्षक मऊगंज दिलीप सोनी ने हत्या के मामले फरार अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 10 हजार रुपए के ईनाम की घोषणा की है। यह घोषणा पुलिस रेग्युलेशन एक्ट के प्रावधानों के तहत की गई है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नईगढ़ी थाना क्षेत्र के ग्राम देवरी सेंगरान में अनूप उर्फ सुमित पिता सुभाषचन्द्र शर्मा का शव 16 अगस्त 2024 को बरामद हुआ था। शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण गर्दन के बाईं ओर गंभीर घाव का उल्लेख किया गया। थाना नईगढ़ी में प्रकरण दर्ज कर अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू की गई। अब तक अज्ञात आरोपी के संबंध में कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है। आरोपी को बंदी बनाने अथवा बंदी बनाने के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना देने वाले को 10 हजार रुपए का ईनाम दिया जाएगा। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक मऊगंज का निर्णय अंतिम रूप से मान्य होगा।

## नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आज

**रीवा।** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में जनसहभागिता और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 26 जून को आयोजित किया गया है। कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद ने कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबंधितों को उपस्थिति के निर्देश दिये हैं। प्रशिक्षण में संभागान्तर्गत जिलों के कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत तथा अन्य अधिकारी भाग लेंगे।

## आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने के कार्यक्रम वर्ष भर आयोजित होंगे : संयुक्त कलेक्टर

**रीवा।** आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार जिले भर में 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया गया। इस संबंध में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मार्तण्ड क्रमांक एक के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों और विद्यार्थियों को आपातकाल से जुड़ी लघु फिल्म दिखाई गई। कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय ने कहा कि भारत सरकार की अधिसूचना के अनुसार 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में अधिसूचित किया गया है। सरकार के संस्कृति विभाग के निर्देशों के अनुसार 25 जून 2025 से लेकर 25 जून 2026 तक आपातकाल तथा संविधान की हत्या से जुड़े जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आज ही नई दिल्ली में कर्तव्य पथ से जागरूकता के लिए 6 मशालें देश के भ्रमण के लिए रवाना हो रही हैं। सभी राज्यों के प्रमुख शहरों में इनका भ्रमण होगा। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आमजनता को 1975 में लगाए गए आपातकाल के संबंध में जानकारी दी जाएगी। शिक्षण संस्थाओं में निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, नारा लेखन तथा फोटो प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को इस संबंध में



जागरूक किया जाएगा।

संयुक्त कलेक्टर ने कहा कि हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। यह देश की न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका के गठन तथा संचालन का आधार है। संविधान के आधार पर ही देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था स्थापित हुई है। संविधान में आमजनता को विभिन्न तरह की स्वतंत्रता, मौलिक अधिकार और कर्तव्यों का विस्तार से उल्लेख है। आमजनता के मूल अधिकारों की रक्षा संविधान में निहित है। कार्यक्रम में उप संचालक शिक्षा केपी तिवारी ने कहा कि 1975 में तत्कालीन सरकार ने नागरिकों के मूल अधिकारों और अभिव्यक्त की आजादी को निलंबित कर दिया था। लाखों निरपराध लोगों पर बिना मुकदमा चलाए जेलों में बंद रखा गया। रीवा में आपातकाल का विरोध करते हुए सैकड़ों व्यक्ति जेल गए। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय के प्राचार्य श्री जायसवाल ने कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आपातकाल को 50 वर्ष पूरे हो गए हैं। युवाओं और बच्चों को आपातकाल के संबंध में पूरी जानकारी रखनी चाहिए। मौलिक अधिकारों के हनन और प्रेस की आजादी छीनने से जो अराजकता उत्पन्न हुई उसके संबंध में युवाओं को अध्ययन करना चाहिए। कार्यक्रम में एसके स्कूल के प्राचार्य मिथिलेश गहरवार, सहायक संचालक शिक्षा राजेश मिश्रा, विद्यालय के शिक्षक तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान में अपेक्षित प्रगति न होने पर तीन उपयंत्रियों का वेतन किया गया राजसात

**रीवा।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों में अपेक्षित प्रगति न होने एवं लक्ष्य के अनुरूप वित्तीय प्रगति न्यून होने पर तीन उपयंत्रियों के एक सप्ताह का वेतन राजसात करने का आदेश दिया है। उपयंत्री प्रवीण पाण्डेय, राजधर द्विवेदी एवं अशोक शुक्ला का एक सप्ताह का वेतन राजसात किया गया है।

## मऊगंज में संविधान हत्या दिवस का आयोजन संपन्न

**मऊगंज।** आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार मऊगंज जिला मुख्यालय में 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में आपातकाल से जुड़ी लघु फिल्म दिखाई गई। कार्यक्रम में कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने बताया कि भारत सरकार की अधिसूचना के अनुसार 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में अधिसूचित किया गया है। सरकार के संस्कृति विभाग के निर्देशों के अनुसार 25 जून 2025 से लेकर 25 जून 2026 तक आपातकाल तथा संविधान की हत्या से जुड़े जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नई दिल्ली में कर्तव्य पथ से जागरूकता के लिए 6 मशालें देश के भ्रमण के लिए रवाना हो रही हैं। सभी राज्यों के प्रमुख शहरों में इनका भ्रमण होगा। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आमजनता को



1975 में लगाए गए आपातकाल के संबंध में जानकारी दी जाएगी। शिक्षण संस्थाओं में विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को इस संबंध में जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर बताया गया कि हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। यह देश की न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका के गठन तथा संचालन का आधार है। संविधान के आधार पर ही देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था स्थापित हुई है। संविधान में आमजनता को विभिन्न तरह की स्वतंत्रता, मौलिक अधिकार और कर्तव्यों का विस्तार से उल्लेख है। आमजनता के मूल अधिकारों की रक्षा संविधान में निहित है। वर्ष 1975 में तत्कालीन सरकार ने नागरिकों के मूल अधिकारों और अभिव्यक्त की आजादी को निलंबित कर दिया था। लाखों निरपराध लोगों पर बिना मुकदमा चलाए जेलों में बंद रखा गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, संयुक्त कलेक्टर राजेश मेहता, एसडीएम बीके पाण्डेय, एसडीएम रश्मि चतुर्वेदी सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ग्राम रोजगार सहायकों को नोटिस जारी

**रीवा।** ग्रामीण विकास कार्यों में लापरवाही बरतने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने तीन ग्राम रोजगार सहायकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। प्रधानमंत्री आवास में न्यून प्रगति पर ग्राम रोजगार सहायक अकौरी विनय गौतम एवं बेलवा बड़गैयान के सौरभ द्विवेदी को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार नरेगा के कार्यों में लापरवाही बरतने पर ग्राम पंचायत बेलवा कुर्मियान के ग्राम रोजगार सहायक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## आपातकाल के 50 वर्ष, मतलब लोकतंत्र पर कांग्रेस के कुठाराघात के 50 वर्ष : रावत

**रीवा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री रीवा संभाग प्रभारी रणवीर सिंह रावत ने संभागीय कार्यालय रीवा में आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पत्रकार वार्ता के माध्यम से चर्चा करते हुए कहा कि आज 25 जून का दिन भारतीय लोकतंत्र के लिए इतिहास का सबसे काला दिन है, 25 जून 1975 को देश के अंदर अपनी सत्ता बनाए रखने के लिए कांग्रेस पार्टी ने देश में आधी रात को आपातकाल लागू किया था। रातों रात देश को जेल में तब्दील कर दिया गया था देशवासियों के मौलिक अधिकार स्थगित कर दिए गए थे आपातकाल की घोषणा के साथ ही भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं को रातों रात बंधक बना दी गईं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, व्यक्तिगत स्वतंत्रता, और न्यायिक संरक्षण जैसे मौलिक अधिकार स्थगित कर दिए गए। मीडिया पर कठोर सेंसरशिप लागू कर दी गई। विरोध करने वाले हजारों नेताओं, कार्यकर्ताओं, पत्रकारों, साहित्यकारों को बिना मुकदमे के जेलों में ठूंस दिया गया। 'इंदिरा इज़ इंडिया और इंडिया इज़ इंदिरा' जैसे नारे लगाने वालों को पुरस्कृत किया गया, जबकि आलोचकों को देशद्रोही बताकर प्रताड़ित किया गया। 21 महीनों तक देश को लोकतंत्र से वंचित रखकर कांग्रेस के एक परिवार की सत्ता बनाए रखने के लिए संविधान का गला घोंटा गया। कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर राष्ट्रवादी विचारधारा को कुचलने का कार्य किया। लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ने वालों को जेल में ठूंसा गया। कई लाख लोगों को जेल में बंद किया गया, संविधान की आत्मा को कुचला गया। आपातकाल के 50 वर्ष मतलब लोकतंत्र पर कांग्रेस के कुठाराघात के 50 वर्ष।



## जिले के 5 उपयंत्रियों का एक सप्ताह का वेतन राजसात किया गया

**मऊगंज।** जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों को समयावधि में पूर्ण न कराने एवं लक्ष्य के अनुरूप वित्तीय प्रगति न्यून होने पर मऊगंज जिले के ग्रामीण विकास विभाग के 5 उपयंत्रियों का एक सप्ताह का वेतन राजसात किया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने उपयंत्री शिवेन्द्र मोहन तिवारी, डीके मिश्रा, हर्षित पाण्डेय, रामचन्द्र कुशवाहा एवं दीपक शर्मा का सात दिवस का वेतन राजसात करने का आदेश दिया है।

## निगम आयुक्त ने भ्रमण कर वर्षा ऋतु से पूर्व की जा रही तैयारियों किया निरीक्षण

**रीवा।** नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे द्वारा आज रीवा नगर के वार्ड क्रमांक 01, एवं 02 का भ्रमण कर वर्षा ऋतु से पूर्व की जा रही तैयारियों एवं सफाई व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगर में जलजमाव की समस्या न उत्पन्न हो, इसके लिए नालों की सफाई, जल निकासी व्यवस्था और आवश्यक निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के दौरान विन्ध्य बिहार कॉलोनी में यूनियन बैंक के पास स्थित पार्क का अवलोकन करते हुए



निगमायुक्त ने पार्क के समुचित विकास के लिए स्टीमेट तैयार करने तथा समतलीकरण हेतु मिट्टी फिलिंग कार्य कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानसून के पहले ऐसे सार्वजनिक स्थलों की सफाई और सौंदर्यीकरण कार्य भी नगर की स्वच्छता व्यवस्था में सहायक सिद्ध होंगे। हरिजन बस्ती क्षेत्र में फैक्ट्री के समीप नाले में हुए अतिक्रमण की स्थिति का संज्ञान लेते हुए निगमायुक्त ने तत्काल सीमांकन कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। साथ ही नाला गैंग को शीघ्र नाले की समुचित सफाई सुनिश्चित करने को कहा। निगमायुक्त ने हरिजन बस्ती में स्थित पुराने कुएं के समीप सोकपिट निर्माण कराने के भी निर्देश दिए ताकि वर्षा जल का उचित रिसाव संभव हो सके और गंदे पानी के एकत्रीकरण से उत्पन्न समस्याओं से बचा जा सके। इस दौरान जनप्रतिनिधि डॉ सीएल रावत, श्री कृष्णाकर कुशवाहा, कार्यपालन यंत्री श्री राजेश सिंह, सहायक राजस्व श्री राजेश मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी श्री बालगोविंद चतुर्वेदी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833